कार्तिक कृष्ण पक्ष 5 , 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 118 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

21 अक्टूबर 2024 सोमवार

आज का मौसम

31 अधिकतम

22 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

## अब स्टालिन ने कहा-नए कपल 16-16 बच्चे पैदा करें



**चैन्नई, एजेंसी।**

आंध्रप्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू के बाद अब तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने भी लोगों से ज्यादा बच्चे पैदा करने की अपील कर डाली है। स्टालिन ने कहा कि अब समय आ गया है कि नवविवाहित जोड़े 16 बच्चे पैदा करें। चेन्नई में हिंदू धार्मिक और बंदोबस्ती बोर्ड द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान सीएम ने यह बात कही। उनकी मौजूदगी में 31 जोड़ों का विवाह हुआ. उन्होंने कहा कि शायद अब समय आ गया है कि जोड़े 16 तरह की संपत्ति के बजाय 16 बच्चे पैदा करें। स्टालिन ने कहा कि जो लोग भक्ति को मुखौटे के रूप में इस्तेमाल करते हैं, वे परेशान हैं और डीएमके सरकार की सफलता को रोकने के लिए मामले दर्ज कर रहे हैं। इससे पहले आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू ने बढ़ती उम्रदराज आबादी के बारे में चिंता जाहिर करते हुए कहा था कि दक्षिणी राज्यों के परिवारों से अधिक बच्चे पैदा करना चाहिये। नायडू ने घोषणा की थी कि , ÷सरकार केवल दो से अधिक बच्चों वाले लोगों को स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने के लिए पात्र बनाने के लिए कानून लाने की योजना बना रही है।

सेंसेक्स व निफ्टी की हालत खराब

## जितना उछला, उससे ज्यादा फिसला

**मुंबई, एजेंसी।**



पॉजिटिव ग्लोबल संकेतों के बीच आज सप्ताह के पहले कारोबारी दिन शेयर बाजार की जोरदार शुरुआत तो हुई मगर बाद में सेंसेक्स गोता लगाने लगा। दरअसल जा ओपनिंग के साथ ही सेंसेक्स करीब 500 अंक उछल गया, तो वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 100 अंक से ज्यादा चढ़कर ओपन हुआ मगर 15 मिनट के बाद ही ये तेजी गिरावट में तब्दील हो गई और दोनों इंडेक्स लाल निशान पर आ गये। इस बीच प्राइवेट सेक्टर के सबसे बड़े बैंक एचडीएफसी के शेयरों में तूफानी तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स-निफ्टी के साथ ही शेयर बाजार में शुरुआती तेजी के बीच करीब 1728 कंपनियों के शेयरों ने बढ़त लेते हुए हरे निशान पर कारोबार की शुरुआत की।

## पन्नू ने एयर इंडिया फ्लाइट पर हमले की धमकी दी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**



हाल के दिनों में भारतीय विमान कंपनियों को 100 से ज्यादा धमकियां मिल चुकी हैं ऐसे में इन धमकियों के बीच अब खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने भारत को धमकी देते हुए प्लेन उड़ाने की धमकी दी है। पन्नू ने कहा है कि सिख दंगों के 40 साल पूरे होने पर एअर इंडिया की फ्लाइट पर हमला हो सकता है. पन्नू ने अंतरराष्ट्रीय यात्रियों से 1 से 19 नवंबर तक एयर इंडिया में उड़ान न भरने का आग्रह किया है। सिफ फॉर जस्टिस संगठन की नींव रखने वाला पन्नू आए दिन कोई न कोई भड़काऊ बयान देता है। उस पर अलगाववाद को बढ़ावा देने और पंजाबी सिख युवाओं को हथियार उठाने के लिए उकसाने का आरोप है। 2020 में यूएपीए के तहत उसे आतंकी घोषित किया गया था। चूंकि सिख फॉर जस्टिस की विचारधारा भी वही है इसलिए उसे भी प्रतिबंधित कर दिया गया। पन्नू अब भगौड़ा है और अमेरिका में पनाह ली हुई है, साथ ही उसके पास कनाडा की भी नागरिकता है।

### नामांकन में ताकत झोकेंगे दोनों दल, *सपा ने बुधनी में कांग्रेस को दिया टेंशन*

# विजयपुर-बुधनी: बदलापुर बनाने की कोशिश में कांग्रेस, भाजपा भी तैयार

**बदलापुर/ भोपाल दोपहर मेट्रो।**









मप्र के दो उपचुनाव सत्तारूढ़ भाजपा और कांग्रेस के बीच अपने अपने असर का दिलचस्प मुकाबला बन गये हैं। कांग्रेस ने बुधनी में राजकुमार पटेल और विजयपुर में मुकेश मल्होत्रा पर दांव लगाकर मुकाबले को पेचीदा बनाने की कोशिश की है। भाजपा की अब तक सारी चिंता विजयपुर को कांग्रेस का 'बदलापुर' बनने से रोकने पर थी लेकिन अब बुधनी में पटेल की आमद से वहां फोकस बढ़ाने की दरकार अंदरखाने महसूस की जाने लगी है। वजह यह कि पटेल के खाते में किरार- ओबीसी वोटों आ सकते हैं, यह वोट अब तक शिवराज सिंह चौहान के खाते में जाते थे लेकिन इस बार यहां रमाकांत भार्गव को भाजपा ने उम्मीदवार बनाया है।





हालांकि पैनल में शिवराज के बेटे कार्तिकेय का नाम भी था। बुधनी बीते 25 साल से भाजपा-शिवराज का किला बन चुकी है। इसके पहले करीब दस साल तक राजकुमार पटेल व उनके भाई देवकुमार वहां विधायक रहे हैं। अब सपा ने अर्जुन आर्य को बुधनी में उतार कर कांग्रेस को नई उलझन दी है। कांग्रेस नेता इस मामले में सपा से बातचीत कर रहे हैं। हालांकि कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि बुधनी में इस बार कांग्रेस जातीय व अन्य समीकरणों को साधकर ताकत से लडेगी, बावजूद विजयपुर में कांग्रेस अपना पूरा तोपखाना झोंकना चाहती है। बताया जाता है कि राजकुमार पटेल और मल्होत्रा के नामांकन दाखिले के मौके को कांग्रेस बड़ा इवेंट बनाने की तैयारी में है। इस मौके पर वरिष्ठ नेताओं की सभा व रोड शो करने पर विचार हो रहा है।

कांग्रेस चंबल अंचल की विजयपुर सीट पर अपने बागी नेता रामनिवास रावत को घेराबंदी को और धार देने वाली है। वह लोकसभा चुनाव के ऐन पहले रावत की बगावत से भिंड-मुरैना व ग्वालियर तक पड़े प्रतिकूल असर का बदला लेना चाहती है।मुकेश मल्होत्रा काफी असरदार हैं और पिछले चुनाव में ही रावत के सामने 23हजार वोट झटक चुके हैं। दूसरी तरफ भाजपा ने रावत को पूरा 'कवर' दे रखा है। सीएम मोहन यादव भी वहां दौरा कर चुके हैं। कई विकास कार्य पहले ही खोले जा चुके हैं और खुद रावत को बडे महकमे का मंत्री बनाकर मतदाताओं को संदेश देने की कोशिश की गई है। भाजपा के अंदरखाने बताते हैं कि रावत का इस सीट से अक्सर बडे अंतरों से नहीं जीतना चिंता का विषय है,इसीलिए हालातों के मुताबिक रणनीति को बदलकर वहां चुनाव लडा जा रहा है।

## यूपी में वॉकओवर दे सकती है कांग्रेस, सपा से नाराज

**लखनऊ/नई दिल्ली, एजेंसी।**



उप्र की नौ सीटों पर 13 नवंबर को उपचुनाव से पहले कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के रिश्ते तल्ख हो रहे हैं। हालांकि सपा ने कांग्रेस के लिये अलीगढ़ की खैर और गाजियाबाद सीट छोड़ रखी है व सात उम्मीदवार तय कर लिये हैं। जबकि कांग्रेस पांच सीटों की डिमांड कर रही थी ताकि तीन सीट मिलें। इसी दो और सात के चलते सपा और कांग्रेस की दोस्ती फंस गई है। यह भी चर्चा है कि कांग्रेस यूपी से हट सकती है तथा किसी भी सीट पर उम्मीदवार उतारने से मना कर सकती है। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस खुद उम्मीदवार न उतार मऊ की घोसी सीट के लिए हुए उपचुनाव की तर्ज पर सपा का समर्थन कर सकती है। दरअसल कांग्रेस के हिस्से जो जो सीटें आ रही हैं, वहां ट्रैक रिकॉर्ड भी बहुत उत्साहजनक नहीं रहा है। गाजियाबाद भाजपा का गढ है।

6 मजजूदरों की मौत, सर्च ऑपरेशन जारी

## कश्मीर में प्रवासी मजदूरों पर हमले की टीआरएफ ने जिम्मेदारी ली

**श्रीनगर, एजेंसी।**

जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में देर रात प्रवासी मजदूरों पर आतंकी हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के संगठन द रेजिस्टेंस फोर्स ने ली है। संगठन का चीफ शेख सज्जाद गुल इस हमले का मास्टरमाइंड था। गांदरबल के गगनगीर इलाके में श्रीनगर-लेह नेशनल हाईवे की टनल कंस्ट्रक्शन साइट पर आतंकियों ने फायरिंग की। हमले में बड़गाम के डॉक्टर शहनवाज मीर और पंजाब-बिहार के 6 मजदूरों की जान चली गई। हमले के बाद गांदरबल और गगनगीर के जंगलों में रात से सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर हैं और अब नेशनल इंटेलिजेंस एजेंसी भी पहुंच गई है। इस हमले में 2-3 आतंकवादी शामिल हैं। यह पिछले एक महीने से कंस्ट्रक्शन साइट की रेकी कर रहे थे।



**पुलिस ने बताया कि बड़गाम के डॉक्टर** शहनवाज, कठुआ के रहने वाले शशि अब्रोल हमले में मारे गए। इनके अलावा पंजाब के गुरदासपुर के गुरमीत सिंह, बिहार के अनिल कुमार शुक्ला, फहीम नजीर, मोहम्मद हनीफ और कलीम की हत्या की गई। ये सभी केंद्र सरकार के टनल प्रोजेक्ट में काम कर रहे थे।

## निवेशकों ने बाजार से 10 अरब डॉलर निकाले, चीन में निवेश

**नई दिल्ली , एजेंसी।**



विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजार में बिकवाली का सारा रेकॉर्ड तोड़ दिया है। अक्टूबर के त्यौहारी महीने में विदेशी संस्थागत निवेशक अब तक लगभग 10 अरब डॉलर का निवेश निकाल चुके हैं। इस बीच चीन में पिछले एक महीने में विदेशी निवेशकों ने 18.7 अरब डॉलर का निवेश किया है। ताजा बिकवाली मार्च 2020 में कोरोना महामारी के कारण बाजार में आई गिरावट के दौरान देखी गई 7.9 अरब डॉलर की बिकवाली से भी अधिक है। आंकडों के अनुसार अक्टूबर में अब तक एफआईआई ने 83,हजार करोड़ रुपये से अधिक के शेयर बेचे हैं जबकि डीआईआई ने 74,200 करोड़ रुपये की खरीदारी की है। डीआईआई में ज्यादातर म्यूचुअल फंड हैं। लेकिन इस बार अच्छी बात यह है कि विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारी बिकवाली से खुदरा निवेशक घबराए नहीं हैं।

**मेट्रो एंकर** पूर्व सीएम केजरीवाल के सरकारी निवास के सामान की लिस्ट सामने आई

# 5 करोड़ के रिमोट वाले पर्दे और 15 करोड़ की सैनेटरी फिटिंग वाला आम आदमी!

**नई दिल्ली , एजेंसी।**





आम आदमी की वेशभूषा में रहने वाले दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल जिस सरकारी मकान में रह रहे थे,उमसें करोडों रूपये के ऐसे साजोसामान थे जो किसी महल का अहसास कराते हैं। दिल्ली के 6 फ्लैग स्टाफ रोड बंगला केजरीवाल द्वारा खाली करने के बाद अब पीडब्ल्यूडी ने इन्वेंट्री लिस्ट (सामान की सूची) जारी की तो लोग चौंक गये। इसमें बताया गया है कि केजरीवाल के घर में बॉडी सेंसर और रिमोट कंट्रोल सिस्टम वाले कुल 80 पर्दे लगे थे।इन पर्दों की ही कीमत 4 करोड़ से 5.6 करोड़ रुपए थी। बाथरूम में 15 करोड़ रुपए की वाटर सप्लाई और सैनेटरी फिटिंग की गई थी। इसके अलावा लिस्ट में किचन और बाथरूम के भी लाखों करोड़ों की कीमत वाले सामान का जिक्र है।

दरअसल, केजरीवाल 6 फ्लैग स्टाफ रोड के बंगले में 9 साल तक रहे। मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद उन्होंने 4 अक्टूबर को यह बंगला खाली किया था। उनके बाद मौजूदा सीएम आतिशी दो दिन ही यहां रह सकी और सरकार ने इसे खाली करा लिया। अब इस लिस्ट जारी होने के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- सीएम आवास में फुली ऑटोमैटिक सेंसर वाली स्मार्ट टॉयलेट सीट लगाई गई थी। इसमें आटोमैटिक ओपन-क्लोज सीट, हीटेड सीट, वायरलेस रिमोट डियोडोराइजर और आटोमैटिक फ्लशिंग जैसी सुविधाएं थीं। इसकी कीमत 10-12 लाख रुपए के बीच थी। यह सीट अब गायब है। इसके साथ ही कई करोड़ रुपए की लागत का सजावटी सामान भी गायब है। उधर भाजपालंबे समय से भाजपा यह मांग कर रही है कि सीएम आवास की जानकारी मीडिया के सामनेलाई जाए। अब नेताओं का कहना है कि यह साफ हो गया है कि आखिर केजरीवाल इस बंगलेमें मीडिया को इनवाइट क्यों नहीं करते थे और सीएम आवास की चाबी पीडब्ल्यूडी की बजाय चोरी छिपे आतिशीको क्यों सौंप दी गई थी।

### शीला पर उठाए थे सवाल

गौरतलब है कि केजरीवाल खुद को आम आदमी बताकर कभी बंगला और कार नहीं लेने की बात कहकर सत्ता में आए थे। अब इन्वेंट्री लिस्ट के अनुसार वे राजा महाराजाओं की तरह सुख भोग रहे थे। इन्वेंट्री लिस्ट में सीएम हाउस में एक करोड़ की टॉयलेट सीट का जिक्र है, बंगले में 5.6 करोड़ रुपए के पर्दे लगे हैं। हाउस में 15 करोड़ से ज्यादा की सैनेटरी फिटिंग की गई है। इस पर राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने कहा कि जिस महापुरुष ने यह महल बनाया, उसी ने कभी शीला दीक्षित के घर में लगे दस एसी के लिए कहा था कि कौन भरता है इन सब का बिल ? मैं और आप भरते हैं। मालीवाल ने कहा कि मेरा तो कलेजा कांप उठता है, कि जब दिल्ली की 40 प्रतिशत जनता झुग्गियों में रहती है, तब कोई सीएम कैसे ऐसे आलीशान घर में रह सकता है।

## राममंदिर केस: मैं भगवान के सामने जा बैठा और हल निकालने के लिए प्रार्थना की...

**नई दिल्ली , एजेंसी।**



सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ का कहना है कि उन्होंने रामजन्म भूमि-बाबरी मस्जिद विवाद का समाधान निकालने के लिए भगवान से प्रार्थना की थी। गौरतलब है कि राममंदिर विवाद पर फैसला देने वाली पीठ में चंद्रचूड़ भी शामिल थे। वे मानते हैं कि अगर किसी का विश्वास हो तो भगवान रास्ता निकाल ही लेता है। उन्होंने पुणे के खेड़तालुका में अपने पैतृक गांव कानहेरसर के लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उनका कहना था कि 'कई बार हमारे पास केस होता है लेकिन उसका समाधान नहीं निकल पाता। अयोध्या में रामजन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद मामले में ठीक ऐसा ही हुआ। यह मामला तीन महीनों तक मेरे पास रहा और मैं भगवान के सामने बैठ गया और उनसे प्रार्थना की कि कुछ ना कुछ हल निकालना होगा।'

सीजेआई ने कहा कि मेरा विश्वास कीजिए, अगर आप आस्था रखते हैं तो भगवान कोई न कोई रास्ता खोज निकाल ही लेता है। सभी को समुदायों की रक्षा में अपनी भूमिका निभानी चाहिए, नौ नवंबर 2019 में तत्कालीन सीजेआई रंजन गोगोई की अध्यक्षता में सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की पीठ ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करके एक विवादित मुद्दे का निपटारा किया था।





रविंद्र भवन में चल रहे दो दिवस इंडियन रोड कग्रेस सेमिनार के बाद यहां मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग और आईआरसी अधिकारियों की पत्नियों के साथ करवा चौथ का सेलिब्रेशन हुआ। - फोटो निर्मल व्यास

# त्यौहारी सीजन में कई रास्ते बंद

## व्यापार पर पड़ रहा असर



**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

पुराने शहर की मुख्य सडकों पर किए जा रहे निर्माण कार्य के चलते कहीं रास्ते बंद कर दिए गए हैं, तो कहीं वन- वे होने से वाहन चालक जगह-जगह जाम से जूझ रहे हैं। मुख्य सडकें बंद होने से लोग गलियों से वाहन निकाल रहे हैं, जिससे यहां से जाम लगा रहा है। इधर, पुराने शहर के व्यापारियों का कहना है कि दीपावली के मौके पर सडक बंद करना व्यापार को प्रभावित कर रहा है। रायल मार्केट से हमीदिया रोड तक पीडब्ल्यूडी सडक बना रहा है, तो 6 नंबर स्टेशन की ओर और डीआईजी बंगले के पास मेट्रो का निर्माण कार्य किया जा रहा है। पूरे साल लोगों की आवाजाही से गुलजार रहने वाला पुराना शहर त्योहारी सीजन में ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझ रहा है।

**रास्ता बंद होने से वाहन चालक परेशानः** वहीं दूसरी ओर भोपाल टॉकीज चौराहे पर बैरीकेटिंग करने से रोजाना जाम लगा रहा। यहां से आने-जाने वाहन चालकों को नादरा बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन की ओर जाने के लिए सिंधी कॉलोनी, कबाड़ खाना होकर करीब डेढ़ किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ रहा है। इसके अलावा वाहन चालको अपने घर पहुंचने के लिए गली मोहल्ले से निकलना पड़ रहा है।

### सामान्य दिनों में चलना भी मुश्किल

हमीदिया रोड वाहनों की भीड़, लगने वाले जाम और धूल के गुबार से जूझ रहा है। इस सडक पर रात-दिन वाहनों की भीड़ रहती है। सामान्य दिनों में चलना भी मुश्किल होता है। ऐसे में त्योहारी सीजन और वन वे होने से 6 नंबर रेलवे स्टेशन से नादरा बस स्टैंड, भोपाल टॉकीज चौराहा और आगे जाने वाले वाहन चालकों को भारी मशक्कत करनी पड़ रही है।

### उड़ रहा धूल का गुबार

रॉयल मार्केट से मोतिया तालाब की ओर जाने वाली सडक पीडब्ल्यूडी बना रहा है। करीब डेढ़ सौ मीटर सडक बनाने के बाद बंद कर दी गई। इससे पहले गड्ढों से परेशान वाहन चालक और दुकानदार धूल के गुबार से परेशान हैं। यहां धूल उडऩे से लोगों सांस की बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं। वहीं रात में अंधेरा होने से हादसे की आशंका बनी रहती है।

# विदेशी नंबरों से फोन कर व्यापारी से ठगी

**भोपाल।** विदेशी फोन नंबरों से वीडियो काल कर लोगों के वीडियो मार्फ करना और फिर इन्हें ब्लैकमेलिंग का हथियार बनाना। भोपाल में आए दिन इस प्रकार की धोखाधड़ी सामने आ रही है। शहर के व्यापारी और सरकारी अफसर इसके शिकार हो रहे हैं। हाल ही में ठगी के ये प्रकरण तेजी से बढ़े हैं। ठग अपने मोबाइल में वीपीएन और स्पेशल एप के माध्यम से पाकिस्तान, नेपाल व बांग्लादेश के नंबरों का उपयोग कर वीडियो काल करते हैं। वे उन वीडियो को रिकार्ड करते हैं और फिर उसे मार्फ करने के बाद लोगों को ब्लैकमेल करते हैं। पिछले एक महीने में ऐसे करीब 10 प्रकरण सामने आए हैं।

## हबीबगंज नाका खुलने के लिए अभी और इंतजार

# जीजी फ्लाइओवरः हबीबगंज नाका खोलने के लिए तारीख-दर-तारीख

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

आठ महीने से बंद पड़ी हबीबगंज नाका डीआरएम तिराहे की सडक से आवागमन के लिए लोगों को एक सप्ताह तक और इंतजार करना पड़ेगा। यहां सडक बनाई जा चुकी है, लेकिन नाली निर्माण और मेट्रो ट्रैक के किनारे साइड वॉल का काम बाकी है।

यह साइड वॉल ट्रैक के दोनों ओर लगाई जानी है, जिसमें करीब एक सप्ताह का समय लगेगा। वहीं जिम्मेदार अधिकारियों का कहना है कि एक सप्ताह बाद ही यह सडक पूरी तरह से लोगों के लिए शुरू हो पाएगी। शहर में आठ माह से बंद हबीबगंज नाका तिराहे और जीजी लाइओवर से आवागमन के लिए जनता को अभी और इंतजार करना पड़ेगा। जनता को राहत की जगह आश्वासन और तारीख पर तारीख दी जा रही है। मंत्री राकेश सिंह जीजी लाइओवर को जून 2024 में खोलने का कहा था, लेकिन अभी तक ये आमजन के लिए शुरू नहीं किया गया।

### ऐसी होती गई लेटलतीफी

दो मार्च 2024 को ब्रिज बनाने एक माह के लिए बंद की गई। तीन अप्रेल 2024 को इसे खोलना था, तारीख 5 मई तक बढ़ाई-पांच मई 2024 को भी नहीं खोला, एक माह के लिए समय बढ़ाया गया। अभी 15 अक्टूबर को इसे खोलना तय किया था, लेकिन नहीं खोला गया।




### यह भी जानें

- 2.7 किमी लंबे जीजी लाइओवर का काम अगस्त 2022 को पूरा होना था
- फरवरी 2023 तक के लिए बढ़ाया गया।
- सितंबर 2023 तक काम पूरा करने का लक्ष्य, निगम की पाइप लाइन का अड़ंगा बताया
- जून 2024 में मंत्री राकेश सिंह ने निरीक्षण किया, ब्रिज की एक लाइन खोलने का कहा, लेकिन नहीं खोला गया
- ब्रिज की गायत्री मंदिर वाली लेन का काम बाकी, जबकि गणेश मंदिर से अरेरा हिल्स वाला हिस्सा पूरा है, क्या करें ? अफसर तय नहीं कर पा रहे।

## परेशानी : संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर फुटओवर ब्रिज ऊंचा

**भोपाल।** संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन पर रुकने वाली ट्रेनों की संख्या बढ़ने के साथ यात्रियों की आवाजाही भी बढ़ गई है। लेकिन सुविधाओं के मामले में यह स्टेशन अब भी पिछड़ा हुआ है। इस स्टेशन पर बना फुटओवर ब्रिज ऊंचा होने के कारण बुजुर्ग लोगों एवं महिला यात्रियों को परेशान होना पड़ता है। यहां पर एस्केलेटर लगाने का प्रस्ताव है, लेकिन तकनीकी कारणों से इसमें विलंब हो रहा है। बता दें कि यह फुटओवर ब्रिज काफी पुराना है।

**नए एफओबी की मांगः** संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन पर इंदौर की ओर से आने वाले गाड़ियां प्लेटफार्म क्रमांक दो पर खड़ी होती हैं। यहां पहुंचने के लिए यात्रियों को फुट ओवर ब्रिज का उपयोग करना पड़ता है। कुछ समय पहले इस ब्रिज की मरम्मत रेल प्रशासन ने की थी।

# बंद हैं स्ट्रीट लाइटें : कोलार के अंकित परिसर में कई दिनों से छाया अंधेरा

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

कोलार के अंकित परिसर में पिछले 18 दिनों से अंधेरा छाया हुआ है। इसके चलते उक्त कालोनी के रहवासी परेशान है। अहम बात यह है कि इस संबंध में निगम के काल सेंटर में शिकायत करने के बाद सुनवाई नहीं हो रही है। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि रोशनी के पर्व में कालोनी में अंधेरा छाया हुआ है। वह भी तब जब नगर निगम में एमआइसी मेंबर और स्थानीय पार्षद रविंद्र यति खुद उक्त वार्ड में निवासी है। इसके बावजूद कालोनी में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल कालोनी की अधिकांश स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हुई है । इनको चालू करवाने के लिए जागरूक रहवासी कई



बार प्रयास कर चूके हैं, लेकिन कोई सुध तक लेने नहीं आया।

वहीं सड़कों पर पसरे अंधेरे की वजह से रात होते ही महिला और बुजुर्गों को सबसे अधिक दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। उक्त कालोनी में 90 से अधिक परिवार निवास करते हैं। रहवासी बताते हैं कि अंधेरे की वजह से हमेशा वह भयभीत रहते हैं। वहीं कालोनी में पूर्व में कई चोरियां हो चुकी है। अंधेरे की वजह से चोरों का भय बना रहता है। नगर निगम प्रशासन को जल्द से जल्द कालोनी की सभी स्ट्रीट लाइटों को चालू करवाना चाहिए। इस संबंध में अधीक्षण यंत्री सुबोध जैन का कहना है कि जांच कराई जाएगी।

## दुष्यंत संग्रहालय में सजेगी महफिल

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में लगातार अदबी महफिलें आबाद हैं। अलग-अलग आयोजन विभिन्न रंग यहां बिखर रहे हैं। आने वाले कुछ दिनों में यहां कई बड़े आयोजन और भी होने वाले हैं। इन कार्यक्रमों से जहां सीनियर शायर और साहित्यकार अदब की नई ऊंचाई को छूते दिखाई दे सकते हैं, वहीं कुछ नए चेहरों को नई राहें आसान होती भी नजर आ सकती है। सांस्कृतिक संस्था ब-जोक राजधानी के दुष्यंत संग्रहालय में एक यादगार महफिल सजाने की तैयारी कर रही है। 23 अक्टूबर की शाम सजने वाली इस मुशायरा और कवि सम्मेलन का केंद्र बिंदु नए और युवा शायर एवं कवि रखे गए हैं। कार्यक्रम के संयोजक शशांक त्यागी ने बताया कि कार्यक्रम शाम साढ़े पांच बजे अपनी रौनक बिखेरना शुरू करेगा।

**मेट्रो एंकर**

## अंतरविद्यालय लोकनृत्य प्रतियोगिता 'उल्लास' में प्रतियोगिताएं

# सकारात्मक ऊर्जा नृत्य प्रदर्शन को बनाती है अद्वितीय : भाऊजी

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल द्वारा अंतरविद्यालय लोकनृत्य प्रतियोगिता उल्लास का आयोजन किया गया, जिसमें भोपाल के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों ने भाग लिया। शारदा विद्या मंदिर विजेता रहा। कार्यक्रम में शहीद हेमू कलानी एजुकेशनल सोसाइटी के अध्यक्ष सिद्ध भाऊजी ने कहा कि नृत्य एक स्तर पर आध्यात्मिकता की श्रेणी में आ जाता है। सामान्य स्तर पर भी जब नृत्य शरीर और मन को एकाग्र करता है, तभी एक लयबद्ध प्रस्तुति संभव होती है।

उन्होंने नृत्य को तन-मन को उल्लासित करने और सशक्त बनाने का माध्यम बताया। विद्यालय की प्राचार्या अमृता मोटवानी ने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में जीत या हार से अधिक अपनी प्रस्तुति के प्रति समर्पण मायने रखता है। आपकी सकारात्मक ऊर्जा एवं उत्साह ही आपके प्रदर्शन को अद्वितीय बनाती हैं।




**यह पुरस्कृत हुएः** भोपाल गर्ल्स स्कूल को सेकंड रनर-अप की ट्रॉफी एवं 5000 का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। ग्रेफाइट हायर सेकेंडरी स्कूल को फर्स्ट रनर-अप के रूप में ट्रॉफी एवं 7500 का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। अंतरविद्यालय लोकनृत्य प्रतियोगिता उल्लास की विजेता टीम रही शारदा विद्या मंदिर, जिसे विजेता की ट्रॉफी एवं 10000 के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### यह मौजूद रहे

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वैशाली गुप्ता कोरियोग्राफर थी, जबकि विशेष अतिथि यासमीन सिंह, नृत्यांगना थी, निर्णायक मंडल में भारती होंबल नृत्य विशेषज्ञ, मृणाल तिवारी नृत्य प्रशिक्षक थी। इनके साथ अकादमिक प्रबंधक गोपाल गिरधानी एवं उपप्राचार्या श्रीमती रेखा केवलानी मंच पर उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में मेज़बान विद्यालय की टीम ने मराठी लोकनृत्य 'तमाशा' की प्रस्तुति देकर समापन किया।

# संत नगर की सड़क पर कारोबारी सीजन का जाम

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम नगर में मेन रोड हो या एप्रोच रोड दोनों तरफ वाहन पार्किंग, बीच में उलझते हुए जाम में फंसे वाहन आम बात है। हालात बदले हुए भी नजर नहीं आ रहे हैं। सीजन के चलते यहां वाहनों की संख्या में इजाफा हुआ है। मेन रोड पर डबल डेकर का निर्माण कार्य शुरू होने से ट्रैफिक प्रॉब्लम बड़ती जाएगी।

वाहनों को कहीं भी मेरी मर्जी की तर्ज पर खड़ा करने और रोक टोक न होने से समस्या लाइलाज हो गई है। मॉडल रोड पर चंचल चौराहे से पीली लाइन की व्यवस्था कायम की गई थी। पीली लाइन के बाहर वाहन खड़े नहीं होंगे पुलिस और व्यापारियों ने तय किया था, लेकिन थाना प्रभारी के बदले ही यह व्यवस्था खत्म हो गई है। एक पीछे एक वाहन खड़े होने लगे हैं। व्यवस्था बनाने में पुलिस की रूचि दिखावी है।

### मेन रोड पर हालात खराब

मेन रोड के साथ हर एप्रोज रोड पर दोनों और वाहनों की पार्किंग बचे हुए रास्ते में दो- चार पहिया वाहनों की आवाजाही, माल उतारते लोडिंग ऑटो से जाम लग रहा है। शाम के वक्त तो हर सड़क पर जाम के हालात बने हुए हैं। त्योहारी और लग्नसरा के सीजन में ग्राहकी की रौनक बढ़ने से वाहनों की तादाद भी बड़ी है।

## शहीद दिवस श्रद्धांजलि







भोपाल. दोपहर मेट्रो। शहीद दिवस पर मोतीलाल नेहरू स्टेडियम स्थित स्मारक पर राजपाल मंगू भाई पटेल ने शाहिद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिजनों ने शहीद इस स्मारक पर पुष्प अर्पित की - फोटो निर्मल व्यास

# शहीदों के आश्रितों को सरकारी नौकरी बहन-बेटियों की शादी में 51 हजार मिलेंगे

## मुख्यमंत्री ने 3 ईएमई सेंटर में भूतपूर्व सैनिक सम्मान समारोह में की घोषणा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मोहन सरकार शहीदों के आश्रितों को 1 करोड़ रुपये देगी। इसका लाभ सेना और केंद्रीय सशस्त्र बल के शहीदों के आश्रितों को मिलेगा। इन्हीं शहीदों की बहन–बेटियों को विवाह के समय 51 हजार रुपये भी दिए जाएंगे। पहले यह राशि 10 हजार रुपये दी जाती थी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार 3ईएमई सेंटर में आयोजित भूतपूर्व सैनिकों के सम्मान समारोह एवं रैली में कही। मुख्यमंत्री ने द्वितीय विश्व युद्ध में वीरता के साथ लड़ने वाले भूतपूर्व सैनिकों की कल्याणियों का सम्मान किया।



### मुख्यमंत्री ने ये घोषणाएं भी की

शहीदों के माता-पिता को दी जाने वाली मासिक अनुदान की राशि बढ़ाकर 10 हजार रुपये और शहीदों की पुत्रियों एवं बहनों के विवाह पर आशीर्वाद राशि भी बढ़ाकर 51 हजार रुपये कर दी है। प्रदेश में निवासरत द्वितीय विश्व युद्ध के सैनिकों एवं उनकी पत्नियों की पेंशन 8 हजार रुपये से बढ़ाकर 15 हजार रुपये प्रतिमाह की है, जो देश में सर्वाधिक है। मप्र में निवासी ऐसे माता-पिता, जिनकी पुत्री सेना में है, उनकी सम्मान निधि 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 20 हजार रुपये प्रतिवर्ष की है। सरकार विभिन्न शौर्य एवं विशिष्ट सेवा अलंकरणों से सम्मानित सैनिकों एवं उनके आश्रितों को सर्वाधिक सम्मान राशि दे ही है। भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं, विकलांग सैनिकों एवं आश्रितों को विभिन्न योजनाओं के तहत आर्थिक सहायता तथा छात्रवृत्ति दे रहे हैं।

### मुख्यमंत्री ने यह भी कहा

- अब हम सिर्फ युद्ध का जवाब ही नहीं देते बल्कि घर में घुसकर मारते हैं।
— पूर्व सैनिकों के बच्चों को मेडिकल, इंजीनियरिंग, टेक्निकल एजुकेशन, लॉ सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में आरक्षण दे रहे हैं।
- सभी सरकारी विभागों के ग्रुप सी एवं डी पदों पर भूतपूर्व सैनिकों को आरक्षण के साथ जिला सैनिक कल्याण कार्यालयों में सहायक ग्रेड-3 स्तर पर कर्मचारियों के पदों में वृद्धि करने का निर्णय लिया है।

## कार्तिकेय की सफाई

# पैनल से नाम कटने पर दुख नहीं, खुशी हुई

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

बुदनी उप चुनाव को लेकर जैसे–जैसे सियासत तेज हो रही है, नई–नई बातें सामने आने लगी है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बड़े बेटे कार्तिकेय चौहान सामने आए और उन्होंने मीडिया के सामने कहा कि बुदनी उप चुनाव के लिए तैयार प्रत्याशियों के पैनल से उनका नाम कटने पर उन्हें दुख नहीं, बल्कि बहुत खुशी हुई। क्योंकि पैनल में रमाकांत भार्गव दादा का नाम फाइनल हो गया। भार्गव ऐसे व्यक्ति हैं जो मेरे जन्म लेने के पहले से चुनावों का नेतृत्व कर रहे हैं और लड़कर पार्टी के लिए जीत भी हासिल कर रहे हैं।



### पैनल में मेरा नाम शामिल कराना है बड़ी बात

कार्तिकेय ने कहा कि क्षेत्र के लोगों व पार्टी द्वारा पैनल में नाम शामिल कराना ही मेरे लिए बड़ी बात है। टिकट न मिलना कोई विषय ही नहीं है। जनता तक पहुंचने के लिए टिकट की जरुरत ही नहीं है, जनता का लगाव, टिकट मिलने से कहीं ज्यादा है। पार्टी ने रमाकांत भार्गव को प्रत्याशी बनाकर बहुत सही निर्णय लिया है। अब तक शिवराज सिंह चौहान के लिए पूरी ताकत से चुनाव लड़ते आ रहे थे, अब यह चुनाव उससे भी अधिक ताकत से लड़ेंगे। पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाएंगे। उल्लेखनीय है कि बुदनी विधानसभा उप चुनाव के लिए भाजपा ने रमाकांत भार्गव को प्रत्याशी बनाया है। पार्टी ने शिवराज सिंह चौहान को विदिशा लोकसभा सीट से लड़ाया था, तब भार्गव मौजूदा सांसद थे, उनका टिकट काटकर शिवराज को दिया था। तभी से भार्गव को बुदनी से लड़ाने की चर्चा थी।

### भार्गव के सामने मैं योग्य नहीं

टिकट मिले, इस मंशा से कभी काम नहीं किया। पार्टी और विचारधारा बड़ी है, व्यक्तिगत इच्छा मायने नहीं रखती। अब तक दो इंजन ही काम कर रहे थे, भार्गव की जीत के बाद क्षेत्र के विकास के लिए तीसरा इंजन भी काम करेगा। भार्गव के सामने मेरी योग्यता नहीं है वे मुझसे ज्यादा डिजर्व करते हैं।

# 5वीं-8वीं मुख्य परीक्षा की अंक सूची होगी डिजिटल, लगेगा हालमार्क

**भोपाल।** प्रदेश के 5वीं-8वीं के करीब 25 लाख विद्यार्थियों को मुख्य परीक्षा की डिजिटल प्रिंटिंग अंकसूची दी जाएगी। इसके साथ ही नकली अंकसूची से बचने के लिए भी राज्य शिक्षा ने व्यवस्था की है। इसके लिए अंकसूची पर हालमार्क लगाया जाएगा। विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम जारी होने के चार से पांच दिन बाद ही सुरक्षा मापदंडों के साथ अंकसूची प्रदान कर दी जाएगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने सत्र 2024-25 से पांचवीं व आठवीं बोर्ड परीक्षा की अंकसूची को डिजिटल प्रिंटिंग की पूरी तैयारी कर ली है। पांचवीं व आठवीं क अंकसूची पर दो जगहों पर हालमार्क रहेगा। एक जहां पर कक्षा का नाम लिखा होगा और दूसरा जहां पर पूरी बाउंड्री बनी होगी। इससे डुप्लीकेट अंकसूची क संभावना पूरी तरह समाप्त हो जाएगी।

**पहले प्रोफार्मा तैयार कर जिलों के स्कूलों में भेजता था :** दरअसल, अभी तक राज्य शिक्षा केंद्र जिलों के स्कूलों में अंकसूची का प्रोफार्मा तैयार कर जिलों के स्कूलों में भेजता था। जिससे स्कूल में प्रोफार्मा पर अंक भरकर स्कूल प्राचार्य के हस्ताक्षर के बाद विद्यार्थियों को अंकसूची दी जाती थी। इससे कई जिलों में डुप्लीकेट अंकसूची का मामला भी सामने आया है।साथ ही अंकसूची एक-दो साल की देरी से मिलती थी, लेकिन अब 10वीं 12वीं तर्ज पर व्यवस्था में बदलाव किए गए हैं। अभी तक मप्र बोर्ड 10वीं व 12वीं परीक्षा की अंकसूची डिजिटल प्रिंटिंग होती थी। साथ ही उसपर हालमार्क भी रहता था। अब 5वीं 8वीं में भी यह व्यवस्था रहेगी।

## कूनो प्रबंधन ने की पुष्टि, मादा चीता वीरा है प्रेग्नेंट

# अफ्रीका से आई वीरा बढ़ाएगी कूनो में चीतों का कुनबा



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अब दक्षिण अफ्रीका से आई माद चीता वीरा पालपुर कूनो नेशनल पार्क में चीतों का कुनबा बढ़ाएगी। यह खुश खबर जल्द मिलने वाली है। पार्क प्रबंधन ने मादा चीता वीरा के प्रेग्नेंट होने की पुष्टि की है। अभी कूनो में 12 वयस्क चीते और इतने ही शावक है। वयस्को में 5 मेल और 7 फीमेल है। इन्हीं में एक सदस्य चीता वीरा भी शामिल है। इस तरह कूनो में अभी 24 चीते है, वीरा द्वारा शावकों को जन्म दिए जाने के बाद यह कुनबा बढ़ जाएगा।

**6 साल की है मादा चीता वीरा, पहली बार बनेगी मां:** पालपुर कूनो नेशनल पार्क प्रबंधन की ओर से वीरा के प्रेग्नेंट होने की पुष्टि की। यह भी बताया कि मादा चीता वीरा 6 साल की है। वह पहली बार मां बनने जा रही है। उसकी विशेष देखभाल कर रहे हैं। उसकी डाइट का अलग से ध्यान रखा जा रहा है। निगरानी के लिए अलग से बंदोबस्त किया है। उसके मूवमेंट वाले क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे बढ़ा दिए हैं ताकि उसकी प्रत्येक गतिविधियों पर तकनीकी के जरिए बगैर मानव हस्तक्षेप के नजर रखी जा सके। अधिकारियों के अनुसार मादा चीता वीरा का व्यवहार अन्य चीतों से अलग है वह जहां भी रही है, उसने अपने रहन-सहन से केयर टेकरों का ध्यान खींचा। वह अकेले रहना ज्यादा पसंद करती है।

# सहकारी समितियों का पंजीयन अब ऑनलाइन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** जिले में सहकारी समितियों का पंजीयन अब केवल ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा किया जाएगा। ऑनलाइन प्रक्रिया से समितियों का पंजीयन करवाने के लिए संबंधित व्यक्तियों को कार्यालय आने की जरूरत नहीं है। उपायुक्त सहकारिता ने बताया कि समितियों के पंजीयन के लिए विभागीय ऑनलाइन पोर्टल पर 21 व्यक्ति मिलकर सहकारी समिति का गठन कर सकते हैं।

**मेट्रो एंकर** | उद्योगपतियों ने कहा था- सड़क मार्ग करें बेहतर

# केंद्र ने भोपाल-कानपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर को अब कर दिया फोरलेन

## उद्योगपतियों के सुझाव पर सीएम से की थी बात

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

इकोनॉमिक कॉरिडोर भोपाल-कानपुर अब 3589.4 करोड़ से फोरलेन में तब्दील होगा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इसकी मंजूरी दी। इससे प्रदेश के उस प्रयास को गति मिलेगी, जिसके तहत मोहन सरकार प्रदेश में औद्योगिक निवेश को बढ़ाने में जुटी हुई है। यह तब्दीली प्रदेश में अंदर और प्रदेश के बाहर मप्र-यूपी के बीच आर्थिक सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूती देगी। जो औद्योगिक क्षेत्र में होने वाले परिवहन समेत कई तरह की आर्थिक गतिविधियों के लिए जरूरी है। इससे यातायात को सुगम बनाने में भी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस सौगात पर केंद्र और केंद्रीय मंत्री गडकरी का आभार माना है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय के अनुसार, भोपाल-कानपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर के तहत भोपाल से विदिशा, विदिशा से ग्यारसपुर, सताईघाट से चौका और चौका से कैमाहा के बीच काम होगा। इस पर 3589.4 करोड़ रुपए खर्च होंगे। बाद में जरूरतों व खर्च को देखते हुए राशि बढ़ाई जा सकती है। इसके पहले मंडला-नैनपुर के बीच 46 किमी मार्ग के लिए 592 करोड़ की मंजूरी मिली थी। मंत्री गडकरी ने कहा, इससे यात्रा का समय कम होगा। सरकार औद्योगिक निवेश बढ़ाने के लिए काम कर रही है। मोहन सरकार प्रदेश के अंदर व बाहरी राज्यों में इंडस्ट्रियल समिट कर रही है। अब तक मुंबई, कोयबटूर जैसे शहरों में निवेशकों को न्योता दे चुकी है। उज्जैन, जबलपुर, सागर व ग्वालियर में कॉन्क्लेव हो चुके हैं। इसमें सरकार को मप्र के अंदर व बाहर सड़क मार्ग को और अधिक मजबूत करने के विचार मिलते रहे है। सूत्र बताते हैं, सरकार ने इन विचारों को एकत्रित कर परीक्षण किया है। सीएम इसके बाद केंद्रीय मंत्री गडकरी से मिले थे और रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर मजबूत बनाने पर विचार रखे। इसके बाद मप्र को सौगात मिली।



**जाम से निजात मिलेगी, समय कम लगेगा:** दोनों राज्यों के नागरिकों को मिली इस सौगात से बड़ा लाभ होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि दोनों राज्यों के बीच सड़क मार्ग से आवागमन करने वाले लोगों को कई बार जाम से गुजरना पड़ता है, समय भी अधिक लगता है। फोरलेन बनने से यह समस्या कम होगी।




## संपादकीय

# शराबबंदी के बावजूद यह हालात

बिहार के कई जिलों में बीते कुछ दिनों जहरीली शराब का तांडव रहा और इससे कई दर्जन लोग जान गंवा बैठे। इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि किसी राज्य में कानूनी रूप से शराबबंदी है, फिर भी लोग शराब पीकर मर रहे हैं। राज्य में एक बार फिर में जहरीली शराब पीने से कई लोगों की मौत से यह सवाल उठ रहा है कि आमजनों तक शराब पहुंचती कैसे है और जो लोग चोरी-छिपे शराब का कारोबार करते उन पर आबकारी विभाग शिकंजा क्यों नहीं कसता। हालांकि बिहार के अलावा भी अन्य कुछ राज्य में ऐसे निर्णय लिये गये लेकिन व्यवहारिक नहीं होने की वजह से वापस लेने पड़े। लेकिन अप्रैल 2016 में बिहार में शराब निर्माण, परिवहन, बिक्री और खपत पर पूरी तरह रोक लगा दी गई थी। शराब बेचने और पकड़े जाने पर सजा का भी प्रावधान रखा गया। फिर भी शराब माफिया बेखौफ हैं तो जाहिर है कि शराब की शक्ल में जहर बेचने से उनको कोई नहीं रोक रहा। शराबबंदी के बावजूद घरों तक या हाट-बाजार में शराब पहुंच रही है, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? गौरतलब है कि सीवान और सारण जिले के कई गांवों में शराब पीने के बाद मौतों की संख्या ज्यादा रही। कुछ की आंखों की रोशनी चली गई और चालीस से ज्यादा लोगों की हालत गंभीर है। सवाल है कि कुछ गिरफ्तारियों का दावा कर क्या पुलिस और जिला प्रशासन अपने दायित्व से मुक्त हो सकता है? जहरीली शराब से मौत का तांडव तब शुरू हुआ जब हाट से लोगों ने शराब खरीद कर पी। फिर लोगों के मरने का सिलसिला शुरू हो गया। पीड़ितों ने मेले में बिक रही थैली वाली शराब पी। इतनी बड़ी घटना को रोका जा सकता था, अगर पुलिस-प्रशासन शराबबंदी को लेकर पहले से सजग रहता। हालांकि सब कुछ घट जाने के बाद उच्चस्तरीय जांच की बात कही गई है, लेकिन हाट में शराब की थैलियां कैसे बिक रही थीं, इस सवाल का जवाब कौन देगा? राज्य में शराब से लोगों की मौत की यह कोई पहली घटना नहीं है। हर बार सरकार की ओर से सख्त कार्रवाई करने का रटा-रटाया आश्वासन सामने आता है। इस पर सरकार कितनी गंभीर होती है, इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि कुछ समय बाद फिर शराब पीकर लोगों की मौत की खबर सामने आ जाती है। विडंबना यह है कि बिहार ने कई और राज्यों से सबक नहीं सीखा जो शराबबंदी जैसे लोकलुभावन लगने वाले फैसलों को करने के बाद इसे वापल लेने पर मजबूर हुए। खुद बिहार भी ऐसे ही राज्यों में शुमार है जो पहले भी शराबबंदी करके इसे निर्णय को रद्द कर चुका है। लेकिन इस बार सीएम नीतीश कुमार अपने फैसले से पलटने को तैयार नहीं, एक तरह से यह निश्चय ठीक कहा जा सकता है लेकिन यह तब कारगर लगता, जब उनकी सरकार अवैध शराब के संजाल को पूरी तरह तोड पाती। इस हालत में बिहार को राजस्व की भी मोटी क्षति हो रही है और लोगों की जान भी जा रही है। हालांकि अवैध शराब सिर्फ नशाबंदी वाले राज्य बिहार की ही समस्या नहीं है बल्कि यह समस्या उन राज्यों में भी है,जहां शराबबंदी नहीं है। मप्र भी इनमें से एक है। जहरीली शराब से नुकसान के कई मामले सामने आ चुके हैं, यह समानांतर माफिया नेटवर्क जब इतनी जटिलता पैदा कर रहा है तो बिहार में इसका क्या स्वरूप होगा, इन घटनाओं व सरकार की बेबसी से अंदाजा ही लगाया जा सकता है।

मानव होने का सार यह है कि वह पूर्णता की तलाश नहीं करता।
– जॉर्ज ऑरवेल

## आज का इतिहास

- 1867 – नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ कोलंबिया की आधारशिला रखी गयी।
- 1875 – अर्जेंटीना में पहले टेलीग्राफिक कनेक्शन की शुरुआत हुई।
- 1879 – ब्रिटिश शासन के खिलाफ पहला राजद्रोह का मुकदमा बसुदेव बलवानी फड़के के खिलाफ।
- 1883 – न्यूयार्क में ओपेरा हाउस का उद्घाटन हुआ।
- 1900 – भारत के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी अशफ़ाक़ उल्ला ख़ाँ का जन्म हुआ।
- 1937 – प्रसिद्ध हिन्दी फ़िल्म अभिनेता कादर खान का जन्म हुआ।
- 1962 – भारत की सबसे बड़ी बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना'भाखड़ा नांगल'राष्ट्र को समर्पित की गई।
- 1964 – फ्रांसीसी दार्शनिक और लेखक ज्यां पाल सार्त्र ने नोबेल पुरस्कार ठुकराया।
- 1975 –'वीनस-9'अंतरिक्षयान का शुक्र ग्रह पर अवतरण।
- 2004 – अंकटाड रिपोर्ट के अनुसार विदेशों में निवेश में भारत 14वें स्थान पर।
- 2006 –अफगानिस्तान में अधिक नशीली दवाएँ जब्त की गई।
- 2007 – चीनी राष्ट्रपति हू जिंताओ ने लगातार दूसरी बार सत्तारूढ़ चीनी कम्यूनिस्ट पार्टी की कमान सम्भाली।
- 2008 – इसरो ने भारत के पहले चंद्रयान मिशन चंद्रयान-1 का प्रक्षेपण किया। इस मिशन से चंद्रमा पर पानी के होने का पता लगा।
- 2014 – माइकल जेहाफ बिडायु ने ओटावा में कनाडा के संसद पर हमला किया, जिसमें एक सैनिक की मौत हो गयी और तीन अन्य घायल हो गये।
- 2016 – भारत ने कबड्डी विश्व कप जीता।

## निशाना

### सीटों पर बवाल !



- कृष्णेन्द्र राय

फंसा हुआ है पेंच अभी ।
सीटों पर बवाल ।।
चाह रहे हैं खुद का ।
खुद से ही कमाल ।।
हो रही है सार्वजनिक ।
सुर लय और ताल ।।
एकता पर फिर से ।
उठने लगे सवाल ।।
हक जताते सारे ।
त्याग नहीं स्वीकार ।।
देकर केवल भाषण ।
बनना असरदार ।।
जगहंसाई हो रही ।
नहीं है फिर भी ध्यान ।।
सबका अपना अपना ।
है भी तो सम्मान ।।

# भारतीय मीडिया पर विदेशी ताकतों के हमले और घुसपैठ की कोशिश

■ आलोक मेहता



कनाडा , अमेरिका , ब्रिटेन जैसे पश्चिमी देश एक तरफ आतंकवाद से लड़ने , आर्थिक सम्बन्ध बढ़ाने और युद्ध प्रभावित देशों को शांति वार्ता की नेज पर लाने के लिए भारत और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की आरती उतारते दिखते हैं , दूसरी तरफ स्वयं आतंकवादियों , भारत विरोधी संगठनों को शरण संरक्षण दे रहे हैं। पराकाष्ठा यह है कि संपन्न देशों के समूह जी - । के सदस्य कनाडा और अमेरिका आतंकी गतिविधियों के विवादास्पद मामलों में भारतीय मीडिया को भी निशाना बना रहे हैं । मतलब भारतीय मीडिया के एक बड़े वर्ग को वह दशकों पहले अपनाए तरीकों से अपनी कठपुतली - मोहरे की तरह इस्तेमाल करना चाहते हैं । ऐसा न होने पर वे भारत की नीतियों , सुरक्षा मामलों पर मोदी सरकार के क़दमों को उचित बताने वाले मीडिया संस्थानों और पत्रकारों को न केवल मोदी समर्थक बल्कि कनाडा या अमेरिका के चुनावों को प्रभावित करने का बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं । जी - । से जुड़े कनाडा के रैपिड रिस्पांस मेकेनिज्म मीडिया विंग ने चुनिंदा भारतीय मीडिया संस्थानों और वरिष्ठ सम्पादकों पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों , आतंकवादी संगठनों के विरुद्ध कार्रवाई का समर्थन करने से कनाडा की राजनीति और चुनाव पर असर का बेतुका और भारतीय मीडिया की स्वतंत्रता के विरुद्ध रिपोर्ट जारी की । स्वयं प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने विदेशी हस्तक्षेप आयोग के समक्ष अपनी गवाही के दौरान आरोप लगाया कि % कनाडा और उसके नागरिकों पर हमला करने के लिए भारतीय मीडिया का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने दावा किया कि पिछले साल हाउस ऑफ कॉमन्स में उनके बयान के बाद, जिसमें उन्होंने सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के लिए भारत को दोषी ठहराया था, भारत सरकार ने अपने मीडिया के माध्यम से कनाडा पर हमलों के साथ जवाब दिया। ट्रूडो ने कहा कि इन प्रयासों का उद्देश्य ÷हमारी आलोचना करना, हमारी सरकार और हमारे शासन को कमजोर करना और, स्पष्ट रूप से, हमारे लोकतंत्र की अखंडता को कमजोर करना÷ था। %

असल में कनाडा के जस्टिन ट्रूडो पिछले चुनावों में चीनी दखल के मामले में बुरी तरह फंस चुके हैं । भारत पर निशाना डालकर वह खुद को और चीन को बचाना चाहते हैं । कनाडा में उनके खिलाफ विरोध के स्वर तेज हो रहे हैं । उनकी अपनी ही लिबरल पार्टी में बगावत तेज हो गई है ।उनके इस्तीफे की मांग हो रही है ।यही वजह है कि कनाडा में सिख वोटरों और खालिस्तान समर्थक वोटरों का साथ पाने के लिए भारत को निशाना बना रहे हैं । जस्टिन ट्रूडो पर साल 2019 और 2021 के चुनावों में विदेशी हस्तक्षेप से जीतने का आरोप है । इसी मामले में वह जांच का सामना कर रहे हैं । वह साल 2019 और 2021 के चुनावों में विदेशी हस्तक्षेप ( चीन और रूस ) की जांच कर रही समिति के सामने पेश हुए. यहां उन्हें कनाडाई चुनावों में चीनी दखल पर जवाब देना था । आयोग ने जनवरी 2024 में सार्वजनिक सुनवाई शुरू की थी । जांच में चीन को हस्तक्षेप करने का मुख्य आरोपी माना गया । दावा किया गया कि ट्रूडो ने चुनाव जीतने के लिए चीन की मदद ली थी और चुनाव को अपने पक्ष में प्रभावित करवाया था । %

भारतीय मीडिया पर आरोप लगाने वाले ट्रुडो अपने गिरेबान में झांककर वहां के मीडिया को देख लें । कनाडा के अखबार द नेशन पोस्ट ने लिखा है कि ट्रूडो ने कनाडा में अतिवादी सिखों को पनपने का मौका दिया और डायस्पोरा को इतनी छूट प्रदान कर दी कि वे हमारी विदेश नीति को प्रभावित करने लगे । %कनाडाई मीडिया ने इसे %असामान्य सार्वजनिक बयान% करार दिया है. अखबार ने लिखा है कि नई दिल्ली ने जो सवाल उठाए हैं, बिना उसका जवाब दिए ही कनाडा ने राजनयिक संबंध खराब कर लिए । ट्रूडो ने संदिग्ध खालिस्तानी अतिवादियों के खिलाफ कोई कदम नहीं उठाया, बल्कि डायस्पोरा पर उनकी पैरवी कर दी । मीडिया में लिखा गया है कि कनाडा ने खिख चरमपंथियों को फलने-फूलने का मौका दिया, यहां तक कि उन लोगों ने भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या को सेलिब्रेट किया, क्या इस घटना को कनाडा के हित में बताया जा सकता है ।इसी तरह से द नेशनल टेलिग्राफ के हवाले से भी लिखा गया है कि ट्रूडो ने फिर से निराश किया है. उन्होंने कोई भी ऐसा साक्ष्य सामने पेश नहीं किया, जिसे देखकर कहा जा सके कि उनके आरोप सही हैं । अखबार ने लिखा है कि ट्रूडो के एक्शन की वजह से कनाडा को आर्थिक नुकसान पहुंचेगा और वह ऐसा सिर्फ जगमीत सिंह और खालिस्तानी मंत्रियों को खुश करने के लिए कदम उठा रहे हैं । भारत के खिलाफ प्रतिबंध लगाए जाने की बात तो कह दी गई, लेकिन कनाडा का जो नुकसान होगा, उसका क्या होगा ।% कनाडाई थिंक टैंक आईसीटीसी के डिप्टी डायरेक्टर फरान जैफरी के हवाले से लिखा गया है कि वास्तव में यह मोदी वर्सेस खालिस्तानी नहीं, बल्कि भारत वर्सेस खालिस्तानी की स्थिति बन गई है । उन्होंने लिखा कि खालिस्तानी अलगाववादी हैं और वे मोदी विरोधी नहीं, बल्कि भारत विरोधी हैं, यह भारत वर्सेस अलगाववाद का मुद्दा है । ऐसी परिस्थिति में ट्रूडो अलगाववादियों के साथ जाते हुए दिख रहे हैं ।%



भारत कनाडा के कूटनीतिक संबंधों को बिगाड़ने के बाद ट्रुडो ने स्वीकार कर लिया कि उनके पास लिज्जत की हत्या का कोई प्रामाणिक तथ्य नहीं था । वहीँ अमेरिका में पल रहे आतंकवादी पन्नू ने खुद भी कह दिया कि उसीने कनाडा सरकार को इस हत्या में हाथ होने की आशंका बताई थी । दूसरी तरफ पन्नू की हत्या के षड्यंत्र के नाम पर अमेरिका ने भी भारतीय एजेंसियों आदि का आरोप लगाना शुरु कर दिया । मतलब साफ़ है कि खालिस्तानी आतंकवादियों को पिछले तीस चालीस वर्षों से पनाह दे रहा अमेरिका अपने फॉर्मूले से भारत सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है । हम जैसे पुराने पत्रकारों को यह बात याद है कि इंदिरा गांधी और शंकर दयाल शर्मा सी आई ए द्वारा भारत की राजनीतिक स्थिरता ख़त्म करने के आरोप 1980 से पहले भी लगाया करते थे । खालिस्तान के नाम पर देश को तोड़ने वाले तत्वों को सी आई ए के समर्थन के तथ्यों पर पंजाब को बहुत करीब से समझने वाले वरिष्ठ पत्रकार जी एस चावला और गुप्तचर एजेंसी रॉ के प्रमुख रहे विक्रम सूद ने विस्तार से अपनी पुस्तकों में बहुत पहले लिखा हुआ है । अमेरिकी पत्रकारों या सी आई ए में रह चुके जासूसों ने भी विदेशी सरकारों को गिराने के लिए मीडिया को हथियार बनाने के विवरण विस्तार से लिखे हैं । इसलिए अब अमेरिका या ब्रिटेन , कनाडा जैसे देशों को तकलीफ यह है कि भारतीय मीडिया अब कठपुतली नहीं बन रहा और मोदी जैसे प्रधान मंत्री व्यापक जन संमर्थन के बल पर विदेशी शक्तियों का मुकाबला करने में सक्षम हैं । फिर भी बांग्ला देश में शेख हसीना को हटाने की घटना के बाद प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक कार्यक्रमों में भी अंतर्राष्ट्रीय षड्यंत्रों के प्रति जनता को आगाह किया है । इस मुद्दे को गंभीरता से लिया जाना चाहिए । मीडिया संस्थान और संगठनों को भी विदेशी दुष्प्रचार का प्रतिकार करना चाहिए । वहीँ अमेरिका , चीन , पाकिस्तान की संदिग्ध एजेंसियों और कंपनियों के माध्यम से भारतीय मीडिया में घुसने वालों या उनका मोहरा बने तत्वों के विरुद्ध सरकार को कठोर कानूनों का उपयोग करना आवश्यक होगा ।

# पहले अमेरिका अपने गिरेबां में झांके

■ ज्योति मल्होत्रा

संविधान एवं न्याय को ताक पर रखकर अमेरिका द्वारा की गई मुठभेड़ों की सूची बहुत लंबी है। साल 1990 में कुवैत। 2001 में अफगानिस्तान। 2003 में इराक। 2014 में सीरिया। 2015 में लीबिया में सीमित हमले। अमेरिकी कांग्रेशनल रिसर्च सर्विस के अनुसार, 1991 से लेकर -जब पूर्व सोवियत संघ के विघटन के साथ शीत युद्ध समाप्त हुआ 2022 के बीच अमेरिका ने 251 बार सैन्य दखलअंदाज़ी की है। जब अमेरिकियों ने इराक पर बमबारी की थी तो मेसोपोटामिया में प्राचीन सभ्यता के खंडहरों को काफी क्षति पहुंची थी ङ्क लेकिन किसी ने एक शब्द तक नहीं कहा। जब अमेरिकी सैनिकों ने सद्दाम हुसैन को मार डाला, जोकि एक असाधारण तानाशाह था, परंतु जिसके पास से, इल्जामों के विपरीत, निश्चित रूप से सामूहिक विनाश का कोई हथियार नहीं ढूंढ़ पाएङ्क तब भी पश्चिमी दुनिया चुपचाप देखती रही। और जब तक अमेरिकी अंततः 21 साल बाद अफ़गानिस्तान से निकले, तब तक वे जनजातीय ताना-बाना नष्ट करने के अलावा स्थानीय राजनीतिक नेताओं को गांठने में सफल हो चुके थे, जिसके चलते तालिबान को पुनः संगठित होने और देश पर फिर से कब्ज़ा करने का मौक़ा मिल गया।

कुछ लोग कहेंगे विशेषकर, आज के ढाका में रहने वाले बांग्लादेशी कि भारत ने भी तो 1971 में भी यही सब किया था, जिसका उद्देश्य पाकिस्तान को तोड़ना और एक नया देश बनाने में मदद करना था। ओह हां, अमेरिकियों ने इसे भी समझने में गलती की थी ङ्क अमेरिकी राजनयिक गैरी बास की पुस्तक, 'द ब्लड टेलीग्राम' पढ़ें, जिसमें आप पाएंगे कि कैसे रिचर्ड निक्सन और हेनरी किसिंजर पूर्वी बंगालियों का बारम्बार नरसंहार किए जाने के बावजूद पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान की आलोचना करने से इंकार करते रहे (बांग्लादेश के निर्माण में पूर्वी बंगाल के राजनेताओं की मदद करने वाली इंदिरा गांधी के बारे में वे क्या कहते रहे, इसकी एक अलग कहानी है)।इसलिए, गत सप्ताह अगर किसी को हैरानी हुई हो कि अमेरिका ने किस भौंडे ढंग से भारतीय खुफिया अधिकारी विकास यादव पर अभियोग लगाया है ङ्क जिसने खुद उतने ही भौंडे तरीके से एक अमेरिकी नागरिक और खालिस्तान समर्थक कार्यकर्ता गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या करने की कोशिश की, और इस काम को अंजाम देने के लिए सह-षड्यंत्रकारी के माध्यम से एक अमेरिकी पेशेवर हत्यारे को सुपारी देने की कोशिश की, जो बाद में एक अमेरिकी खुफिया मुखबिर निकला ङ्क तो, आपको आश्चर्यचकित होने की आवश्यकता नहीं है, भले ही यह कहानी एकदम हिंदी फिल्म की पटकथा सरीखी लगे।

बीते वीरवार को न्यायालय में सीलबंद लिफाफे से आरोप पत्र को निकालते हुए न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले के अमेरिकी अटॉर्नी



डेमियन विलियम्स ने जो कहा, वह सुनें ¬ 'यह मामला उन सब के लिए चेतावनी बने, जो अमेरिकी नागरिकों को नुकसान पहुंचाना और चुप कराना चाहते हैं, हम आपको जवाबदेह ठहराएंगे, कोई फर्क नहीं पड़ता चाहे आप कोई भी हों और जहां कहीं भी हों'। जब आपके अपने हाथों पर इतना खून लगा हो, जैसा कि अमेरिकियों के हाथों पर है, तो आप सोचेंगे कि कम से कम उसे तो मुंह बंद रखना चाहिए था।हालांकि, साफ है, अमेरिकी प्रतिष्ठान में विरोधाभास या खिसियानापन या शर्म के लिए कोई जगह नहीं है ङ्क कम से कम, तब नहीं जब डोनाल्ड ट्रम्प और कमला हैरिस के बीच 'करो या मरो' वाला राष्टपति चुनाव संग्राम जारी है। जैसा कि कहा जाता है और यह सत्य है कि डेमोक्रेट पार्टी की सरकार रिपब्लिकनों की तुलना में पारंपरिक रूप से भारत के प्रति अधिक सख्त रही है ङ्क शायद, रिपब्लिकन मानवाधिकारों को लेकर उतने चिंतित नहीं हैं, और उनका ध्यान अपने और शेष अमेरिका के लिए अधिक पैसा कमाने की और है, यह बात चीनियों को भी माफिक बैठती है।आपने सोचेंगे कि जो बाइडेन, टोनी ब्लिंकन और जेक सुलिवन को बेहतर समझ होनी चाहिए थी कि वे एक स्वयंभू खालिस्तानी कार्यकर्ता को भारत-अमेरिका संबंधों का केंद्र बिंदु क्यों बनने दें। हैरान भारतीय यह पूछने से खुद को रोक नहीं पाएंगे ¬ क्या अमेरिकी इस बात पर राजी हैं कि भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक खालिस्तान की स्थापना को तूल देकर भारत को तोड़ने की कोशिश करते रहें? कुछ लोग कहते हैं कि बाइडेन-ब्लिंकन-सुलिवन तिकड़ी ने कनाडा के जस्टिन ट्रूडो को भारतीय सरकार की सार्वजनिक तौर पर आलोचना करते वक्त सुर धीमा करने के लिए कहा है। यह एक और मजाक है। सनद रहे, 23 जून 1985 को आयरलैंड के तट पर एयर इंडिया की 'कनिष्क' उड़ान में विस्फोट हो गया था, जिसमें सवार सभी 329 लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकांश भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक थे? खैर, कनाडा की पुलिस जांच एजेंसी, रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने 2000 में जब इस आतंकी कृत्य के लिए दो 'खालिस्तान' समर्थकों को गिरफ्तार किया तो इसमें पूरे 15 साल लगे थे।

वही रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने बीते सप्ताह ओटावा में की प्रेस वार्ता में लॉरेंस बिश्नोई के आपराधिक सिंडिकेट का नाम लेकर कहा कि उसने भारतीय अधिकारियों की मिलीभगत से बीते साल हरदीप सिंह निज्जर और एक अन्य कनाडाई नागरिक सुखदूल सिंह की हत्या की है। कनाडा में भारत के राजदूत संजय वर्मा को 'संदेहास्पद सहयोगी' नामित किया गया और उन्हें तुरंत कनाडा छोड़ने के लिए कहा गया।निश्चित रूप से, पिछले सप्ताह ऐसा लगा कि अमेरिका और कनाडा लीक से हटकर भारत में लोगों को दोस्त बनाने और प्रभावित करने का काम कर रहे हैं। यह सही है कि दो गलतियां मिलकर एक सही नहीं बनाती और एक-दूसरे के प्रति प्रतिशोध वाला व्यवहार पूरी दुनिया को कुछ और अंधकारमय बनाता है। विकास यादव की कलाबाज़ियां निश्चित रूप से माफी योग्य नहीं। इसलिए, भारत ने बात को और बिगड़ने से रोकने की कोशिश की और यादव को सरकारी सेवा से 'हटा' दिया। लेकिन अगर यह प्रक्रिया आगे बढ़ती है, तो बतौर अगले उपाय इंटरपोल से रेड-कॉर्नर नोटिस जारी करवाना, और शायद, उसका प्रत्यर्पण करवाना शामिल होगा। इससे द्विपक्षीय संबंध कठिन दौर से गुजरेंगे।

इस बीच, अमेरिका और भारत का घनिष्ठ मित्र इस्राइल गाज़ा पर बमबारी कर उसे पाषाण युग में वापस ले जाने में जुटा है, जिसका खर्च ङ्क कम से कम आंशिक रूप से सही- अमेरिकी करदाताओं की जेब से हो रहा है। यहां गौरतलब है कि रूस और चीन, जोकि संयुक्त राष्ट सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य भी हैं, वे गाज़ा और लेबनान पर इस्राइल की बमबारी और ईरान प्रायोजित हमास नेताओं की टार्गेटिड किलिंग के खिलाफ ज्यादा कुछ नहीं कह रहे हैं। स्पष्टतया, यह सभी पक्षों को माफिक बैठ रहा है। जहां व्लादिमीर पुतिन इस बात से संतुष्ट हैं कि इससे दुनिया का ध्यान रूस-यूक्रेन युद्ध से हटा रहेगा वहीं शी जिनपिंग को तसल्ली है कि गाज़ा-लेबनान प्रसंग ने दक्षिण चीन सागर के इलाके को उसके द्वारा शातिराना ढंग से छोटे-छोटे टुकड़ों में हड़पने पर से ध्यान भटका रखा है। जहां तक लद्दाख की बात है, चीन पुरानी यथास्थिति बनाने को लेकर भारत से वार्ता करने में रुचि नहीं ले रहा।

इन परिस्थितियों के बीच, प्रधानमंत्री मोदी चार महीनों में दूसरी बार रूस की यात्रा करेंगे ङ्कजब अगले सप्ताह कज़ान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। शायद, अमेरिकी इसे भी संदेह की दृष्टि से देखेंगे। उन्होंने भारत-रूस के बीच सुधरते संबंधों पर अपनी नाराजगी छुपाई नहीं है, खासकर पिछले दो सालों में भारत को सस्ते रूसी तेल की बिक्री को लेकर। लेकिन अमेरिका द्वारा इतना खराब व्यवहार करना ङ्क जबकि खुलेआम किए गए चिरस्थाई दोस्ती के सभी वादे अचानक नेपथ्य में जा रहे हैं ङ्कऐसे में हो सकता है मोदी किसी ऐसे नेता के साथ संबंध मजबूत करने के लिए लालायित हों, जो उनसे यह सवाल न करे कि अपने देश में क्या कर रहे हो।कुछ लोग कहेंगे कि यह राष्टों द्वारा खेले जाने वाले खेल का एक अन्य अध्याय है- कुछ तत्परता से, तो कुछ मजबूरी में ङ्क जो शुरू होने जा रहा है।

-साभारः लेखिका 'द ट्रिब्यून' की प्रधान संपादक हैं।






# सुहागिन महिलाओं ने पहले चांद फिर पति को छलनी में देख जल पीकर व्रत किया पूरा

## पति की लम्बी उम्र के लिए महिलाओं ने रखा करवा चौथ का व्रत

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

कार्तिक माह में पढ़ने वाली चतुर्थी तिथि पर महिलाएं निर्जला व्रत रखकर अपने पति की लंबी उम्र के लिए इस व्रत को रखा जाता है। इस व्रत को सुहागिन महिलाओं द्वारा बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। पति की दीर्घायु और परिवार की सुख समृद्धि के लिए करवा चौथ पर महिलाओं ने निर्जला व्रत रखा और शाम को विधिवत पूजन की बानापुरा में आस्था क्लव द्वारा सामूहिक करवा पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपने पति के साथ पूजन की। पंडित ने वेदिक विधी विधान से पूजन कराई और करवा चौथ ब्रत की कथा सुनाकर संकल्प दिलाया। सभी महिलाओ ने अटल सुहाग के लिए ब्रत रख श्री गणेश, भगवान शंकर और पार्वती से प्रार्थना की। सुहागिनों ने पूरा दिन निर्जला व्रत रखकर सोलह श्रृंगार कर शाम को चांद के दर्शन कर पूजन किया आरती उतार कर अर्घ्य देने के बाद पति एवं बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया तथा अपने पति के हाथों से जल पिया और मिठाई खाकर व्रत पूर्ण किया। करवा चौथ ब्रत के दौरान कई महिलाओं ने घर पर तो कहीं समूह में और कुछ महिलाओं ने मंदिरों में एकत्रित होकर पूजा अर्चना की। महिलाओं ने व्रत कथा सुनकर अपने बड़े बुजुर्ग का आशीर्वाद लिया। व्रत के बाद महिलाओं ने देर रात चांद के दर्शन किए और अपने पति के हाथों जल पीकर व्रत तोड़ा। वहीं जिनके पति बाहर रहते हैं उन्होंने विडियो काल कर पति के दर्शन किए।

## पति की लंबी आयु का व्रत रखकर करवाचौथ का त्यौहार मनाया गया



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

सुहागन महिलाओं द्वारा अपने पति की लंबी आयु के लिए रखा जाने वाला व्रत करवा चौथ त्योहार के रूप में परंपरा अनुसार मनाया गया. स्थानीय नंद बिहार कॉलोनी में सभी कॉलोनी वासियों के द्वारा सामूहिक रूप से करवा चौथ का कार्यक्रम मनाया गया । कार्यक्रम कार्यक्रम में महिलाओं के द्वारा सामूहिक पूजन कर व्रत खोला कॉलोनी के हरगोविंद शुक्ला ने बताया कि करवा चौथ हिंदू धर्म में महत्त्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। यह सुहागिनों और अविवाहित कन्याओं के लिए खास महत्त्व रखता है । क्योंकि, इस दिन व्रत रखने से सुहागिन अपने पति की दीर्घायु की काम करती हैं श्री शुक्ला ने बताया कि नंद बिहार कॉलोनी में सभी त्यौहार सामूहिक रूप से मनाये जाते हैं इसी तारतम्य में आज का त्यौहार भी सामूहिक रूप से मनाकर सभी कॉलोनीवासियों ने एक साथ भोजन किया।

### 2 वाहन जप्त, 35 चालान से 50 हजार 600 रूपये वसूले..

# पचमढ़ी और बनखेड़ी में आरटीओ ने की यात्री बसों की सघन जांच






**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

आरटीओ अधिकारी श्रीमति निशा चौहान के नेतृत्व में गत दिवस शनिवार को पचमढ़ी तथा बनखेड़ी में बसों के साथ साथ अन्य वाहनों की सघन जांच अभियान चलाया गया। जिसमे यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बसों की सीटों, अग्नि शमन यंत्र, मेडिकल बांस, आपातकालीन खिड़की, अधिक किराया, ओवरलोडिंग आदि के अलावा वाहनों के दस्तावेजों, चालक परिचालक के लाइसेंस, वर्दी आदि की जांच की गई। वर्मा ट्रेवल्स की यात्री बस यात्री सुविधाओं को पूरा करती नहीं पाए जाने पर बस पर चालानी कार्यवाही की गई तथा चालक को शीघ्र बस की कमियों को पूरा करने की चेतावनी आरटीओ अधिकारी द्वारा दी गई। दो दिवसीय सुबह से रात तक चली जांच में लगभग 200 वाहनों की जांच में 35 वाहनों पर चालानी कार्यवाही करते हुए 50 हजार 600 रुपए के चालान काटे गए तथा अन्य 2 वाहनों को जप्त कर थाने में सुरक्षार्थ खड़ा करवाया गया, आरटीओ अधिकारी श्रीमति निशा चौहान ने बताया कि सभी वाहन स्वामी अपने वाहनों के दस्तावेजों को पूर्ण करवाकर ही वाहनों का संचालन करें, जांच दल में आरटीओ श्रीमति निशा चौहान के साथ समस्त जांच टीम रही।

## डम्पर एसोसिएसशन ने विधायक एवं थाना प्रभारी को सौपा ज्ञापन

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

डम्पर एसोसिएसशन के संरक्षक एवं भाजपा नेता पीयूष शर्मा के नेतृत्व में शनिवार को क्षेत्रीय विधायक एवं मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ सीतासरन शर्मा एवं थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला के नाम एक ज्ञापन सौपा है। जिसमे बताया गया कि अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन चरम पर है,जिसकी रोकथाम हेतु अवैध खनिज परिवहन रेत , गिट्टी , मिट्टी , मुरम , बाजरा , आदि के अवैध परिवहन को रोखने के लिए खनिज विभाग एवं नगर प्रशासन की मदद से बिना रॉयल्टी एवं ओवर लोड परिवहन की रोकथाम की जाएगी। इस अवसर पर एसोसिएसशन के अध्यक्ष बलदेव सिंह ठाकुर आदि मौजूद थे।

## भाजपा की सक्रिय सदस्यता कैसे मिलेगी, इटारसी नगरपालिका अध्यक्ष चौरे ने बताया

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**



भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता पर्व सदस्यता अभियान 2024 के दूसरे चरण में अब सक्रिय सदस्य बनाए जाएंगे। सक्रिय सदस्य कैसे बनेंगे, यह जानकारी देने के लिए बैठकें होने लगी हैं। सिवनी मालवा विधानसभा के सिवनी मालवा मंडल और डोलरिया मंडल की बैठक की जबावदारी इटारसी नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे को दी गई थी। उन्होंने दोनों मंडलों में पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से मिलकर सक्रिय सदस्यता अभियान की जानकारी दी। बैठकों में नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि जिस शानदार, जानदार तरीके से सदस्यता अभियान में सभी शामिल हुए हैं, उसी तरह से सक्रिय सदस्य भी बनाना है। हमारे जिन भी कार्यकर्ताओं ने अथक परिश्रम करते हुए सदस्यता अभियान में सदस्य बनाए हैं, वे सक्रिय सदस्यता से वंचित न रहे, यह सभी को देखना है। सिवनी मालवा व डोलरिया मंडल में बैठकों में प्रमुख रुप से रितेश जैन अध्यक्ष नगरपालिका सिवनी मालवा, योगेंद्र सिंह राजपूत जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा, रघुवीर सिंह राजपूत पूर्व जिला महामंत्री, अभिषेक शर्मा मंडल अध्यक्ष, दीपेंद्र सिंह राजपूत मंडल अध्यक्ष डोलरिया, शैलेंद्र गौर, वीरेंद्र मिश्रा, डा विक्रम रघुवंशी, श्रीकान्त पटवा, सहित अन्य मौजूद थे।

## केंद्रीय जेल खंड ब में कैदियों के लिए नेत्र परीक्षण शिविर किया गया आयोजित



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

डिप्टी जेल अधीक्षक ऋतुराजसिंह दांगी ने बताया कि कैदियों की आंखों की जांच के लिए केंद्रीय जेल खंड ब में एक दिवसीय नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. अक्षय हरणे ने नेत्र रोगियों का इलाज किया, जिनकी मदद सामाजिक अधिकार कार्यकर्ता डॉ. मयंक तोमर ने की। शिविर के दौरान समाजसेवी भावना बिष्ट भी मौजूद रहीं। डिप्टी जेल अधीक्षक श्री दांगी ने जेल प्रशासन की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत गुलदस्ते से कर धन्यवाद दिया।

## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सचिव और कमिश्नर ने किया ग्राम रावन पीपल का दौरा



**नर्मदापुरम/सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

विकासखंड सिवनी मालवा के अंतर्गत आने वाले ग्राम रावन पीपल में बीते रोज लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सचिव और कमिश्नर ने ग्राम का दौरा कर ग्रामीणों से नल जल योजना की जानकारी ली। इस ग्राम में नल जल योजना का कार्य जल जीवन मिशन के अंतर्गत किया गया है जिसकी लागत 76.15 लाख है ग्राम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा 75000 लीटर की 12 मी स्टेजिंग की उच्च स्तरीय टंकी बनाकर 4000 मीटर पाइपलाइन बिछाने के बाद 246 कनेक्शन दिए गए। जिनसे संपूर्ण ग्राम में पेयजल घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से प्रदान किया जा रहा है भ्रमण के समय उपस्थित ग्राम वासियों ओर सचिव द्वारा चर्चा की गई एवं उनसे नल जल योजना की क्रियाशीलता के बारे में जानकारी ली गई एवं उन्हें जल की महत्ता बताते हुए उसे व्यर्थ ना बहाने हेतु भी निर्देशित किया गया। इस दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव पी नरहरि, नर्मदापुरम संभागायुक्त के.जी. तिवारी, पीएचई विभाग की ओर से मुख्य अभियंता, अधीक्षण यंत्री एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद सिवनी मालवा श्रीमती श्रुती चौधरी एवं ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव भी उपस्थित थे।

## कड़ा मानिकपुरी जिझोतिया ब्राम्हण समाज की आपदा कोष समिति की बैठक सम्पन्न

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

कड़ा माणिकपुरी जिझौतिया ब्राम्हण समाज आपदा कोष समिति की बैठक ईश्वर सभागार में आयोजित की गयी। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाज सेवी उमाशंकर श्रोती उपस्थित थे। अध्यक्षता नरेंद्र तिवारी ने की। इस अवसर पर संतोष दीवान ने स्वागत उदबोधन देते हुए आपदा कोष समिति के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। समिति द्वारा अभी तक किसी बीमारी के समय सहायता की जाती थी। बैठक में निर्णय लिया गया कि अब सामाजिक लोगों को शिक्षा के लिए भी ऋण दिया जाएगा।लेकिन इसके लिए निर्णय उपरांत तय सीमा तक राशि दी जाएगी बैठक में हेमंत दुबे जमानी ने बीमा योजना को लेकर अपने विचार रखे और प्रत्येक परिवार का बीमा हेतु अगले छ माह में लक्ष्य पूरा करने की जिम्मेदारी युवाओं के माध्यम से कराने की बात करते हुए युवाओं के रोजगार की दिशा में काम करने के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ कैसे ले इस हेतु अपनी राय और मत को रखा द्य इससे पूर्व आपदा प्रबंधन कोष का बायलार्ज का विधिवत प्रकाशन कर उसे अंगिकृत किया गया।

## बारिश ने फेरा किसानों के अरमानों पर पानी, किसानों की फसल हो रही है खराब



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

विकासखंड के अंतर्गत आने वाले अधिकतर क्षेत्रों में पिछ्ले कुछ दिनों से लगतार हो रही तेज बारिश हवा आंधी से किसानों की जो फसल मक्का सोयाबीन धान सहित अन्य फसले जो लगभग लगभग पककर कटने को तैयार थी। लेकिन आज असमय हो रही इस बारिश ने किसानों के पूरे अरमानो पर पानी फेर दिया है। जिस प्रकार से किसान कुछ दिन पहले अपनी लहलहाती फसलों को देखकर खुशहाली मना रहा था अब अपनी आंखों के सामने बारिश के कारण खराब होती हुई फसलों को देखकर उसके चेहरे पर चिंता की स्पष्ट लकीरें दिखाई देने लगी हैं। पकी हुईं जो धान की फसल जो खेते में खड़ी थी वह अब हवा और पानी के कारण आडी पड़ गई है। वही मक्का के खेतों में मक्का भी खुले आसमान के नीचे पड़ी हुई खेतो में दिखाई दे रही। पीड़ित किसान अब एक बार फिर सरकार की तरफ आस लगाए बैठा हुआ है की सरकार शीघ्र ही सर्वे कर किसानों को मुआवजा दिया जाए। जिससे कि वह अपने आने वाली गेहूं और चने की फसल की बोनी बखरनी कर खाद बीज ले सके।

**मेट्रो एंकर** — मानस लीग चैंपियंस के विजेताओं का पुरस्कार वितरण समारोह

# थैंक्यू बोलना बंद करो, अब जय श्रीराम अपनाओ : साध्वी रंजना देवी

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

जमाना भले ही आगे बढ़ रहा है लेकिन श्री राम सबके दिलों में थे और हमेशा रहेंगे आधुनिकता का कोई भी दौर श्रीराम की मान्यता और उपयोगिता कभी कम नहीं कर सकता। आजकल नई पीढ़ी के बच्चे अंग्रेजी में थैंक यू सॉरी एक्सक्यूज मी जैसे कई शब्द बोलने लगे हैं लेकिन परिवार जनों को और शिक्षकों को बच्चों को यह सीख देनी चाहिए कि दैनिक बोलचाल की भाषा में अधिक से अधिक बार जय श्री राम का उद्घोष करें।

जब बच्चों के जुबान पर राम का नाम दिन भर में कई बार आएगा तभी वह श्री राम को जानने समझने और उनकी राह पर चलने के लिए प्रेरित होंगे। उक्त बातें रविवार को स्थानीय स्व श्री प्रेमशंकर दुबे स्मृति पत्रकार भवन में आयोजित मानस लीग चैम्पियंस के पुरस्कार वितरण समारोह में भोपाल से आई प्रसिद्ध कथाकार साध्वी रंजना देवी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अपने उद्बोधन में कही। आयोजन में मुख्य अथिति के रूप में विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, नपाध्यक्ष इटारसी पंकज चौरे, आयोजन समन्वयक डॉ वैभव शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद पगारे उपस्थित रहे। डॉ वैभव शर्मा ने स्वागत उद्बोधन में प्रतियोगिता आयोजन के पीछे का लक्ष्य सभी को बताया। आयोजन में मानस लीग प्रतियोगिता के जिलास्तरीय, तहसील स्तरीय विजेताओं को पुरस्कार का वितरण किया गया।



### तहसील स्तर पर इन्हें मिला पुरस्कार

सिवनी माला तहसील में प्रथम स्थान वैशाली यादव, द्वितीय अंशु प्रजापति एवं तृतीय स्थान वैष्णवी गौर ने प्राप्त किया। इसी प्रकार रामपुर तहसील अंतर्गत लक्ष्य चोलकर प्रथम, कुमकुम कुशवाह द्वितीय एवं हर्षिता कहर तृतीय स्थान पर रही। इटारसी तहसील में जय लोवंशी प्रथम, कनकेश्वरी दुबे द्वितीय एवं सिद्धांत आर्य तृतीय रहे। इन विजेताओं को क्रमशः 1000, 700 एवं 500 रुपए की नगद राशि, प्रमाण पत्र, ट्राफी एवं श्रीराम चरित मानस भेंट एवं पुरुस्कार स्वरूप प्रदान की गई।

# मिलावटी खाद्य सामग्रियों के खिलाफ खाद्य एवं औषधि प्रशासन की कार्रवाई तेज



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

विदिशा आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा विदिशा जिले के शहरी एवं सुदूर ग्रामीण क्षेत्रो में संचालित खाघ प्रदार्थ की विभिन्न व्यवसायों की दुकानों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। जिला अधिकारी ने बताया कि अनेक विक्रेताओं के यहां से सेम्पल संग्रहित किए गए हैं।

कलेक्टर श्री सिंह के निर्देश के अनुपालन में हर रोज निर्धारित मापदंडों के अनुसार जांच कार्य किया जा रहा है। विदिशा जिले में दूषित मावा की धरपकड़ के लिए राजस्व निकाय व पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में कार्य वाही की जा रही है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन प्रशासन द्वारा रमानी इंटरप्राइजेस बालाजी एजेंसी से खाद्य पदार्थ सेव नमकीन, मूंग दाल नमकीन, तथा जय माता दी ट्रेडर्स हल्दीराम एजेंसी से सोनपापड़ी, रसगुल्ला, नमकीन, टोमैटो सॉस, आदि के नमूने जांच हेतु एकत्रित किए गए है। जांच उपरांत नमूना फेल पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत आगामी कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के केमिस्ट द्वारा रामलीला चौराहा स्थित नाश्ता, हॉकर की दुकानों का निरीक्षण किया गया । सभी के गर्म तेल चेक किया गया , तथा तेल खराब पाए जाने पर मौके पर तेल को नष्ट कराया गया। सभी खाद्य कारोबार कर्ता को सख्त निर्देश दिए गए बिना खाद्य पंजीयन लाइसेंस के व्यापार न करें से अवगत कराया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों के द्वारा मिठाई दुकानों पर जांच कर कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में खोवा, नमकीन के मिठाई आदि खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी के द्वारा मिठाई दुकानों की जांच की गई। साथ ही गुणवत्ता जांच के लिए पनीर, खोवा, रसगुल्ला, कलाकंद, बर्फी और मिठाइयों के दस नमूने लिए गए। इसके अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा विभिन्न किराना परिसरों कि भी जांच की गयी। यह कार्यवाही सतत जारी है सभी निर्माता एवं विक्रेताओं को साफ सफाई एवं अन्य सावधानी हेतु निर्देश दिए गए। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर संबंधित विक्रेता के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई प्रस्तावित की जावेगी। प्रशासन के आदेशानुसार कार्यवाही सतत जारी रहेगी एवं समस्त दुकानों वाहनों एवं कारखाने की नियमित निगरानी की जावेगी।

### अतिक्रमण हटाने की मुहिम में विदिशा जिले ने किया श्रेष्ठ प्रदर्शन

# मुख्यमंत्री की पहल पर अतिक्रमण मुक्त हो रही चरनोई की भूमि

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।



विदिशा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश भर में गौ-संरक्षण एवं संवर्धन की दिश ा में अनेकों नवाचार हो रहे हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुद्रढ़ीकरण एवं स्वरोजगार की दृष्टि से गौ-संरक्षण एवं संवर्धन प्रदेश सरकार की प्रमुख प्राथमिकता में शामिल है। इसी तारतम्य में प्रदेशभर में चरनौई की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान जारी है। इस अभियान के तहत विदिशा जिला श्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहा है। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह के निर्देशन में जिलेभर में द्रुत गति से कार्रवाई जारी है। जिले में हुई इस संपूर्ण कार्रवाई को निर्विघ्न रूप से अंजाम देने में सभी एसडीएम, तहसीलदार, पुलिस बल सहित अन्य राजस्व अधिकारियों तथा वन क्षेत्र के अमले का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## चरनौई भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने में विदिशा का श्रेष्ठ प्रदर्शन

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा विदिशा जिले को अतिक्रमण मुक्त बनाए जाने की दिशा में तेजी से कार्य किये जा रहे हैं जिसके फलस्वरूप विदिशा जिला प्रदेश में अतिक्रमण हटाने के मामले में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिलों में अग्रणी पंक्ति में शामिल है। विदिशा जिले ने दर्ज प्रकरणों के आधार पर निराकरण में उपलब्धि हासिल की है। कलेक्टर श्री सिंह के निर्देशन में विदिशा जिले की सभी 12 तहसीलों त्योंदा, शमशाबाद, पठारी, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, नटेरन, लटेरी, विदिशा शहरी, विदिशा ग्रामीण, सिरोंज, कुरवाई और बासौदा में शासकीय चरनोई भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। इन सभी 12 तहसीलों में चिन्हित किए गए 279 ग्रामों में खसरा संख्या 310 के 345.89 हेक्टेयर रकबा में से खसरा संख्या 247 में 241.968 रकबा हेक्टेयर में अतिक्रमण हटाए जाने की कार्रवाई की गई है। जिसका बाजार मूल्य 28 करोड़ 17 लाख 35 हजार 942 आंकलित किया गया है।

## किस तहसील से कितनी भूमि हुई अतिक्रमण मुक्त

चरनोई भूमि से हटाए गए अतिक्रमण की तहसीलवार जानकारी तदानुसार त्यौंदा तहसील के खसरा नं. 2 की 4.747 हेक्टेयर रकबा भूमि से अतिक्रमण हटाया गया जिसका बाजार मूल्य 40 लाख रुपये आंकलित किया गया है। इसी प्रकार शमशाबाद तहसील के खसरा नंबर 6 की 59.858 रकबा हेक्टेयर भूमि से अतिक्रमण हटाया गया जिसका बाजार मूल्य 13 करोड़ 47 लाख रुपए है। पठारी तहसील के खसरा संख्या 01 की 2.508 रकबा हेक्टेयर भूमि से अतिक्रमण हटाया जिसका बाजार मूल्य 20 लाख रुपए है। ग्यारसपुर तहसील के खसरा संख्या 20 की 5.981 रकबा हेक्टर भूमि से अतिक्रमण हटाया गया जिसका बाजार मूल्य 61 लाख 2000 रुपये है। गुलाबगंज तहसील के खसरा संख्या 86 की 27.899 रकबा हेक्टेयर भूमि से अतिक्रमण हटाया गया जिसका बाजार मूल्य एक करोड़ 70 लाख 56 हजार 205 रुपए है। नटेरन तहसील के खसरा नंबर 34 की 23.957 रकबा हेक्टेयर भूमि से अतिक्रमण हटाया गया जिसका बाजार मूल्य 2 करोड़ 3 लाख 50000 है। लटेरी तहसील के खसरा नंबर 3 की 2.186 हेक्टेयर भूमि से अतिक्रमण हटाया गया जिसका बाजार मूल्य 24 लाख 4 हजार 600 है। विदिशा शहरी क्षेत्र के खसरा नंबर 01 की 0.91 हेक्टेयर भूमि से अतिक्रमण हटाया गया। जिसका बाजार मूल्य 41 लाख 40 हजार 500 है। विदिशा ग्रामीण क्षेत्र के खसरा संख्या 39 की 44.39 रकबा हेक्टेयर भूमि से अतिक्रमण हटाया गया जिसका बाजार मूल्य 4 करोड़ 73 लाख 19 हजार 737 है। सिरोंज तहसील क्षेत्र के खसरा नंबर 7 की 12.917 हेक्टेयर भूमि से अतिक्रमण हटाया गया जिसका बाजार मूल्य 90 लाख रुपए आंकलित किया गया है तथा कुरवाई तहसील के खसरा संख्या 23 की 43.87 हेक्टेयर भूमि से अतिक्रमण हटाया गया जिसका बाजार मूल्य 3 करोड़ 1 लाख 60 हजार 900 है एवं बासौदा तहसील के खसरा नंबर 25 की 12.745 हेक्टेयर भूमि से अतिक्रमण हटाया गया है जिसका बाजार मूल्य 45 लाख 2 हजार रुपये आंकलित किया गया है। इस प्रकार जिले में चरनोई भूमि से अतिक्रमण हटाए जाने की कार्यवाही में कुल 28 करोड़ 17 लाख 35 हजार 942 रुपये बाजारू मूल्य की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने की कार्रवाई संपादित की गई है।

## सरकार की प्रमुख प्राथमिकता में गौवंश संरक्षण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गौ संरक्षण के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। डॉ. यादव के निर्देशानुसार भारतीय परंपरानुसार नव वर्ष-गौवंश रक्षा वर्ष के रूप में मानने का निर्णय किया गया है। गौवंश सम्वर्धन और सुरक्षा कानून लाया गया है। इस कानून के तहत, गौ तस्करी करने वालों को सात साल की जेल हो सकती है और उनसे जुड़े वाहन को राजसात किए जाने का भी प्रावधान है। गौशालाओं को प्रति गाय 20 रुपये से बढ़ाकर 40 रुपये दिए जा रहे हैं। अधूरी गौशालाओं का निर्माण पूरा किया जा रहा है और नई गौशालाएं भी बनाई जा रही हैं। प्रदेशभर में चरनौई की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया जा रहा है। सड़क दुर्घटना में घायल गायों को इलाज की व्यवस्था की जा रही है। सड़कों पर बैठने वाले पशुओं को बैठने से रोकने और उन्हें स्थानांतरित करने के लिए आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल किया जा रहा है। गायों के लिए चारा काटने के उपकरणों पर अनुदान दिया जा रहा है। पंचायतों को गौ संरक्षण के लिए सहयोग प्रदान करना भी शामिल है।

# सदस्यता अभियान को लेकर, श्रमजीव पत्रकार संघ इकाई सिरोंज की हुई बैठक



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

रविवार को मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ सिरोंज इकाई की बैठक का आयोजन नवीन स्वस्थ अभियान को लेकर कार्यालय में हुआ। इसमें 2025 के लिए सदस्यता फॉर्म भी जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, भरवाते हुए सदस्यता को गति देने पर जोर करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा साथियों को सदस्यता ग्रहण करवा आगे कहा कि श्रमजीवी पत्रकार संघ हमेशा पत्रकारों की लड़ाई लड़ता छोटे-छोटे पत्रकार की भी चिंता संघ के नीचे से लेकर ऊपर तक के लोग करते हैं हम संगठित रहेंगे तो हमारी आवाज को भी कोई नहीं दावा पाएगा इसी तरह महामंत्री हाकम सिंह रघुवंशी ने सस्ता अभियान के बारे में विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समय से सभी साथियों के फॉर्म भर जाए जिससे कि उनके कार्डों का समय पर वितरण भी हो जाएगा इसके अलावा इकाई अध्यक्ष मुकेश रघुवंशी ने कहा कि श्रमजीव पत्रकार संघ निरंतर पत्रकारों के हित में कुछ ना कुछ करता रहता हैं हमारे प्रांतीय अध्यक्ष शारलभ भदोरिया एक एक पत्रकार की चिंता करते हैं ऐसे संगठन के हम साथ बना रहे हैं जो किसी भी परिस्थिति में संघ के सदस्य के साथ खड़ा रहता है । संघ हमेशा छोटे से छोटे पत्रकार की लड़ाई के लिए ऊपर तक लड़ाता है । इसके अलावा , उपाध्यक्ष रवि चौरसिया, , गंजबासोदा नगर अध्यक्ष अभिनय श्रीवास्तव, रिंकू रघुवंशी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान संघ के सदस्य सईद खान, रूपेश यादव, रेवाराम कुशवाहा ,जफर खान, नसीम गौरी, बबलू विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

# महिलाओं ने चांद देखने के बाद ही करवा चौथ का व्रत पति के हाथ से पानी पीकर खोला



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

रविवार को सुहागिनों में कठिन परीक्षा को पास करते हुए करवा चौथ का निर्जला व्रत रखा माता करवा की विधि विधान से पूजा अर्चना एवं रात्रि 8 बजे के बाद चांद निकलने पर छलनी में से चांद के साथ पति के दर्शन की उसके बाद चांद की पूजा अर्चना की फिर पति के हाथ से जल ग्रहण करके कठिन व्रत को खोल । प्राचीन काल से मानता है की चौथ के दिन करवा चौथ का व्रत रखने से सुहाग की रक्षा होती है घर परिवार में सुख समृद्धि होती है।वही करवा चौथ के व्रत को लेकर रविवार को बाजार में खरीदारी के कारण भी नजर आ रही थी रही सुहागिनों ने सोलह श्रृंगार करके करवा माता का व्रत रखा और अपने पति के सुहाग की रक्षा और घर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की पहली बार निर्जला व्रत रखा उनको थोड़ी परेशानी हुई पर करवा चौथ के व्रत को लेकर उनके चेहरे पर अजब ही चमक देखने को मिली समय पर पति घरों पर पहुंचे और पत्तियों का व्रत खुलवाया बाजार में भी सुबह से लेकर देर शाम तक चहल पहल रही।

# राष्ट्रीय स्तर की हाकी प्रतियोगिता में, एलबीएस की तीन खिलाड़ियों का हुआ चयन

### राजस्थान के जयपुर में होगी प्रतियोगिता

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

राष्ट्रीय स्तर की हॉकी प्रतियोगिता हेतु एलबीएस की तीन छात्राओं का चयन प्रतियोगिता राजस्थान के जयपुर में खेलेंगी राष्ट्रीय स्तर की टीमों में शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय की तीन छात्राओं द्वारा गीतांजलि महाविद्यालय भोपाल में आयोजित उच्च शिक्षा विभाग की संभाग स्तरीय महिला हाकी प्रतियोगिता में विदिशा जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने उत्कृष्ट कला एवं कौशल का प्रदर्शन किया। छात्राओं ने मैदान पर अपनी फुर्ती एवं हॉकी से बॉल पर कंट्रोल कर चयन समिति के सदस्यों का ध्यान अपनी ओर खींचा इनके खेल से प्रभावित होकर समिति ने महाविद्यालय की तीन छात्राओं का चयन बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की टीम में किया। क्रीड़ा अधिकारी वसीम उल्लाह ने उक्त जानकारी देते हुए विस्तार से बताया कि उच्च शिक्षा विभाग खेल कैलेंडर वर्ष 2024-25 के अंतर्गत आगामी 5 से 7 नवंबर को जयपुर, राजस्थान में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन हॉकी प्रतियोगिता हेतु हमारे महाविद्यालय की रेणुका सेन, करिश्मा सुमन और राधिका सेन का चयन हुआ है। छात्राओं की इस अभूतपूर्व एवं ऐतिहासिक सफलता पर महाविद्यालय के प्राचार्य लालचंद राजपूत ने कहा कि महाविद्यालय की स्थापना हुए 50 वर्ष से ज्यादा हो चुके हैं। यह पहला अवसर है जब महाविद्यालय की छात्राएं हॉकी प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर की टीमों से खेलेंगी। महाविद्यालय में उपलब्ध सीमित संसाधनों के बावजूद जन भागीदारी समिति एवं महाविद्यालय का स्टाफ विद्यार्थियों के हित में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का प्रयास करता हैं। खेल मैदान के बारे में पूछे जाने पर प्राचार्य द्वारा बताया गया है कि ग्राउंड में अभी पानी भरा है। पानी सूखते ही ग्राउंड का समतलीकरण लोक निर्माण विभाग द्वारा शीघ्र कराए जाने की आशा है।



### मेट्रो एंकर

### 1 घंटे के लंच में कर्मचारी लौटते हैं 3 घंटे में, नहीं लगी नेम प्लेट

# नगर पालिका में 1 साल से नामांतरण के लिए हितग्राही हो रहे हैं परेशान

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।




तहसील कार्यालय में नामांतरण करवाने के बाद नगर पालिका में भी नामांतरण होने के बाद ही सरकारी बैंकों के द्वारा घर बनाने वालों को हितग्राहियों लोन दिया जाता है जब तक इनका यहां पर नामांतरण नहीं होगा तब तक बैंक मकान बनाने के लिए किसी को भी लोन नहीं दिया जाता है । इस वजह से सैकड़ो की संख्या में हितग्राही नगर पालिका में पिछले 1 साल से नामांतरण करवाने के लिए चक्कर लगा रहा है पर उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है सबसे ज्यादा परेशानी गरीब घर के लोगों को हो रही है । यह स्वयं का आवास बनाना चाहते हैं पर नगर पालिका का रोड होने से वह अपना घर बनाने का सपने भी पूर्ण नहीं कर पा रहे हैं। कैलाश यादव, राकेश कुमार,प्रकाश जैन ,खूबचंद राम चरण आदि ने बताया कि हमने बड़ी मुश्किल से घर बनाने के लिए प्लॉट खरीद लिया पर घर बनाने का सपना नामांतरण नगर पालिका में नहीं होने से घर बनाने का सपना पूर्ण नहीं हो पा रहा है बिना नामांतरण के बैंकों हमे लोन देने से सीधा मना कर रही है, इस वजह से हम लोग अपने लिए छत भी नहीं बन पा की जानकारी होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधि भी इस इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे। वैसे ही नामांतरण के नाम पर लंबे समय से नामांकन के नाम पर लोगों को परेशान करने के आरोप लगाते आ रहे हैं इसके बाद भी इसमें पारदर्शा लाने के समय पर नामांतरण करने की जगह पर उनको अटकने का काम चल रहा है इस वजह से सभी को परेशानी हो रही है कई तरह के सवाल भी नगर पालिका परिषद पर खड़े हो रहे हैं। वहीं नामांतरण की प्रक्रिया तभी पूर्ण हो पाएगी जब नगर पालिका परिषद की बैठक संपन्न होगी लंबे समय से बैठक नहीं होने से यह प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ रही है। प्रतिदिन बड़ी संख्या नामांतरण करवाने वाले लोग कार्यालय में पहुंचकर नामांतरण होने की जानकारी मांगते हैं पर इन्हें खाली हाथ ही अपने घर लौटना पड़ता है । जिम्मेदार शाखा के कर्मचारियों और अधिकारियों के द्वारा सीधा जवाब दिया जाता है कि अभी बैठक नहीं हुई है जब तक बैठक नहीं होगी तब तक फाइल आगे नहीं बढ़ेगी। पिछले कुछ समय से नगर पालिका की व्यवस्थाएं सही नहीं होने से बैठक नहीं हो रही है इसकी सजा नगर के उपभोक्ताओं को झेलनी पड़ी है सबसे बड़ी समस्या तो ऐसे उपभोक्ताओं को हो रही है जिनको आवास बनाना है पर कर्ज नहीं मिलने से वह नहीं बन पा इसके अलावा अन्य काम भी मंजूर नहीं हो पा रहे हैं अब देखने वाली बात तो है कि कब नगर पालिका परिषद की बैठक होगी तथा नामांतरण करवाने के लिए लंबे समय से इंतजार कर रहे लोगों के चेहरे पर कब खुशी की रौनक देखने को मिलेगी जोड़ रहे हैं उनकी समस्या का समाधान कितनी जल्दी होगा यह तो आने वाले समय में ही पता चलेगा बस इंतजार ही कर सकते हैं। इसके अलावा और कोई चारा नहीं है क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों को भी इनकी समस्या से सरोकर नहीं है तभी तो इस समस्या के समाधान के लिए धरातल पर काम नहीं करवा रहे हैं।

## 1 घंटे के लंच में कर्मचारी लौटते हैं 3 घंटे में

कार्यालय में 1 घंटे का लंच निर्धारित है लेकिन जब आप देखो तो पता चलता है कि अभी लंच पर गए हैं इंतजार करने के बाद पता चलता है कि कर्मचारी तो दो और तीन घंटे के बाद लंच से वापस लौटते हैं लेकिन जिम्मेदार इस ओर बिल्कुल ध्यान नहीं देते जिससे कर्मचारी मनमर्जी पर उतारू है।

## कौनसी शाखा में कौन पदस्थ नहीं लगी नेम प्लेट

देखा जाए तो हर नगर पालिका में कर्मचारी के आगे नाम व उसके पद की नेम प्लेट लगी रहती है जिससे हितग्राही को पता रहता है कि यह कार्य इस टेबल पर होता है लेकिन ना तो कर्मचारी का नाम पद लिखा हुआ रहता है और ना ही कर्मचारी उसे टेबल पर उपस्थित रहता है कई दिनों से यह हालत नगर पालिका में बने हुए हैं।

## इनका कहना है

*जल्दी ही नगर पालिका परिषद की बैठक आयोजित करके नामांतरण भी करवाए जाएंगे ।*

**मनमोहन साहू नपा अध्यक्ष**

*बैठक नहीं होने के कारण नामांतरण नहीं हो पा जैसे ही बैठक होगी उसके बाद नामांतरण हो जाएंगे।*

**राम प्रसाद साहू प्रभारी नपा अधिकारी**

# 24 अक्टूबर से पुणे में और एक नवंबर से मुंबई में होगा मैच

## वॉशिंगटन सुंदर दूसरे-तीसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम में शामिल

### न्यूजीलैंड टीम पहला मैच 8 विकेट से जीती

**नईदिल्ली, एजेंसी**

न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दूसरे और तीसरे मैच के लिए भारतीय टीम के स्क्वॉड में बदलाव हुआ है। ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल किया गया है। बीसीसीआई ने यह जानकारी दी। सुंदर दूसरे टेस्ट से पहले पुणे में टीम से जुड़ेंगे। भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच में 8 विकेट से हार झेलनी पड़ी है। न्यूजीलैंड टीम तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारत दौरे पर आई है। दूसरा मैच 24 अक्टूबर से पुणे में और तीसरा 1 नवंबर से मुंबई में खेला जाएगा।

वाशिंगटन सुंदर का टेस्ट करियर 25 साल के सुंदर ने 2021 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के लिए टेस्ट में डेब्यू किया था। उन्होंने अब तक अपने करियर में कुल 4 टेस्ट खेले, जिसमें उन्होंने 265 रन बनाए और 6 विकेट भी लिए।



### 16 मेंबर्स वाली भारतीय टीम में अब 4 ऑलराउंडर्स

सुंदर चौथे ऑलराउंडर के रूप में टीम से जुड़े 16 मेंबर्स वाली भारतीय टीम में अब 4 ऑलराउंडर्स हैं। सुंदर से पहले टीम में रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल शामिल थे। हालांकि बीसीसीआई ने यह नहीं बताया कि टीम में चौथे ऑलराउंडर को क्यों शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे और तीसरे टेस्ट के लिए भारत की अपडेट टीम रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), ध्रुव जुरेल (विकेट कीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और वॉशिंगटन सुंदर। इंडिया टूर के लिए न्यूजीलैंड का स्क्वॉड टॉम लैथम (कप्तान), टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), माइकल ब्रेसवेल (पहले टेस्ट के लिए), मार्क चैपमैन, डेवोन कॉन्वे, मैट हेनरी, डेरिल मिचेल, विलियम ओरूर्क, एजाज पटेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिशेल सेंटनर, बेन सियर्स, ईश सोढ़ी (दूसरा और तीसरा टेस्ट), टिम साउदी, केन विलियमसन और विल यंग।

# जीत के जोश में हार का स्वाद



**आलोक गोस्वामी**
खेल विश्लेषक

भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा है। ऐसा माना जा रहा था कि पाकिस्तान को उसी के घर मे पटखनी देने वाली बांग्लादेश का सूपड़ा साफ करने के बाद श्रीलंका से पिट कर आयी कीवी टीम का भी भारतीय टीम वही हश्र कर देगी, लेकिन बेंगलुरु में खेले गए पहले टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड टीम ने बाजी पलट दी। अब अगर हम घरेलू मैदान पर टीम इंडिया की इस करारी हार पर नजर डालें, तो मेरे नजरिए में इसकी सबसे बड़ी वजह सिर्फ ओर सिर्फ 'गंभीर' सेना का अति आत्मविश्वास में अतिउत्साही होना कहा जा सकता है।बांग्लादेश के खिलाफ भी पहले टेस्ट के पहले सत्र में पिछड़ने के बाद अश्विन ओर जडेजा की बल्लेबाजी की बदौलत वापसी के बाद मिली जीत ओर फिर दूसरे टेस्ट में टी20 के आतिशी अंदाज की दम पर क्लीन स्वीप करने की वजह से टीम इंडिया के हौसले 7वें आसमान पर थे।टेस्ट मैच में फटाफट बल्लेबाड़ी के तमाम रिकॉर्ड दर्ज कर जीत हासिल करने वाली टीम इंडिया ने शायद इसी वजह से वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का पहला खिताब जीतने वाली कीवी टीम को हल्के में लेने की चूक कर दी। अब अगर हम टेस्ट फॉरमेट की करें तो एक बार फिर 450 ओवर के 5 दिवसीय मैच का फैसला बहुत कम समय के खेल में निकल कर आ गया।दरअसल जब से टेस्ट फॉर्मेट में इंग्लैंड टीम ने बैजबॉल क्रिकेट का चलन शुरू किया है तभी से ज्यादातर मैचों के रिजल्ट निकलना आम बात हो गयी है। सही मायने में ऐसा लगता है कि टीमों के जीत हार से कहीं अधिक अहमियत उनके खेलने के अंदाज की हो गयी है।ऐसा ही कुछ नजरिया टीम इंडिया का बेंगलुरु में खेले गए टेस्ट मैच में देखने को मिला।इस टेस्ट मैच का फैसला मात्र 250 ओवर के खेल में निकल कर आ गया,यानी 90 ओवर प्रतिदिन के हिसाब से देखे तो मैच तीन दिन भी नहीं चला। असल मे पहले दिन मैच बारिश के कारण शुरू नहीं हुआ. यहां तक कि टॉस भी नहीं हो सका, उसके बाद जब दूसरे दिन टॉस हुआ तो टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने पहले बल्लेबाजी का फैसला कर लिया।क्रिकेट के तमाम जानकारों की नजर उनका यह निर्णय गलत साबित हुआ।भले ही कई लोगों का ऐसा मानना है कि टीम मैनजमेंट का एकादश के चयन भी चूक हुई है।तेज गेंदबाजी की मददगार विकेट पर 3 फिरकी पर दांव खेलना टीम इंडिया के लिए घातक साबित हुआ है। भले ही टॉस के गलत फैसले की वजह से पहली पारी में ओवरकास्ट कंडीशन में न्यूजीलैंड के फास्ट बॉलर्स ने कहर बरपा दिया हो,लेकिन जब टीम इंडिया की दूसरी पारी में भी तेज गेंदबाजों ने 407/3 के बाद दूसरी नयी गेंद से सिर्फ 15 ओवर के खेल में 7 विकेट निकाल दिए तो यह एकदम साफ हो गया कि टीम इंडिया ने एकादश के चयन का भी गलत फार्मूला आजमा लिया है। यह बात सच है कि जब किसी भी टेस्ट मैच की पहली पारी में टीम मात्र 46 रनों पर ढेर हो जाती है उसके बाद मैच में वापसी करना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं होता है,लेकिन पहली पारी में 356 रनों पिछड़ने के बाद टीम इंडिया की दमदार वापसी ने मैच के चौथे दिन जीत का जोश पैदा कर दिया था।बस मेरी नजर में यही टीम इंडिया की हार की असल वजह रही है।दरअसल अगर टीम इंडिया के जहन में कहीं भी हार की आशंका होती तो फिर शायद मजबूत स्थिति में बल्लेबाजी करने का तरीका जरूर बदला हुआ होता,लेकिन ऐसा न होना टीम का अतिआत्मविश्वास ओर अतिउत्साही होने की वजह समझा जा सकता है।क्योंकि अगर भारतीय टीम दूसरी पारी में 30 ओवर भी ओर खेल लेती तो फिर मैच का नजारा कुछ अलग हो सकता था।वैसे सच तो यह है कि क्रिकेट के खेल में अगर मगर के कोई मायने नहीं होते है। वहीं हकीकत यही कि टीम इंडिया 3 मैचों की सीरीज में पिछड़ गयी है। अब यह देखना दिलचस्प रहेगा कि घरेलू मैदानों की बादशाह टीम इंडिया बचे हुए मैचों में क्या रूख अपनाती है।




### फुटबॉल स्कूल के कोचों के साथ मिलने का सुनहरा मौका

## तीन भारतीय खिलाड़ी मैनचेस्टर यूनाइटेड की अकादमी में ट्रेनिंग लेंगे

**चंडीगढ़. एजेंसी**

भारत के तीन युवा फुटबॉलर इंग्लैंड के ओल्ड ट्रेफर्ड स्टेडियम में ट्रेनिंग करने के लिए जाएंगे। इसके अलावा, इन खिलाड़ियों को दुनिया के शीर्ष फुटबॉलर क्लबों में शुमार मैनचेस्टर यूनाइटेड फुटबॉल स्कूल के कोचों के साथ मिलने का भी सुनहरा मौका मिलेगा। ये तीन खिलाड़ी मिजोरम के पीसी लालचुआनवामा, भुवनेश्वर के श्रीजल किस्कु और लखनऊ के मोहम्मद अयान हैं। दरअसल, ये तीनों युवा भारतीय फुटबॉलर यूनाइटेड वी प्ले कार्यक्रम के विजेता बनें और पुरस्कार के तौर पर इन्हें ओल्ड ट्रेफर्ड जाने का मौका मिलेगा।




**दो एशियाई खिलाड़ी भी विजेताओं में शामिल:** इस कार्यक्रम के विजेताओं में भारत के तीन खिलाड़ियों के अलावा नेपाल और थाइलैंड के भी एक-एक खिलाड़ी को चुना गया है। इसमें थाइलैंड के चेनासन चेइथम और नेपाल के भक्ता बहादुर पारियार हैं।

**क्या है यूनाइटेड वी प्ले कार्यक्रम:** शीर्ष फुटबॉलर क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड भारत में युवा प्रतिभाओं को खोजने के लिए एक प्रतियोगिता का आयोजन करता है। इस प्रतियोगिता के विजेताओं को कुछ समय की ट्रेनिंग के लिए लंदन स्थित क्लब की अकादमी में भेजा जाता है, ताकि वे अपनी प्रतिभा में निखार ला सकें।

## भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने जापान को दी शिकस्त

**जोहोर बारू . एजेंसी**

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने शनिवार को यहां खेले जा रहे सुल्तान ऑफ जोहोर कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए जापान को 4-2 से शिकस्त दी। भारतीय टीम की ओर से आमिर अली (12वें मिनट), गुरजोत सिंह (36 मिनट), सौरभ कुशवाहा (44 मिनट) और अंकित पाल (47 मिनट) ने एक-एक गोल दागा। वहीं, जापान की ओर से सुबासा तनाका ने 26वें और राकुसेई यामानाका ने 57 मिनट में गोल किया। ओलंपिक खेलों में दो कांस्य पदक जीतने वाले पूर्व दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश इस जूनियर भारतीय टीम के कोच हैं।

### चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर बीसीसीआई बोला

## टीम इंडिया के पाक जाने का फैसला भारत सरकार करेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीसीसीआई ने एकबार फिर साफ कर दिया कि चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया पाकिस्तान जाएगी या नहीं, इसका फैसला सिर्फ भारत सरकार करेगी। पीसीबी ने बीसीसीआइ को प्रस्ताव दिया था कि भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी का मैच खेलने के बाद सीधे दिल्ली या चंडीगढ़ वापस आ सकती है और इसके लिए उन्हें चार्टर्ड विमान उपलब्ध कराया जाएगा। बीसीसीआइ अधिकारी ने कहा हमें चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पीसीबी से इस तरह का कोई प्रस्ताव नहीं मिला है, लेकिन यदि हमें इस तरह का कोई प्रस्ताव मिलता भी तो हम अस्वीकार कर देते। बीसीसीआइ अपने रुख पर अभी भी कायम है।

## गोल्फ: भुल्लर रेकॉर्ड 12वां एशियन टूर खिताब जीतने के करीब

**बैंकॉक. एजेंसी**

भारत के गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने यहां खेले जा रहे ब्लैक माउंटेन चैंपियनशिप में शीर्ष पर बढ़त कायम रखी है। भुल्लर ने 19 अंडर का कार्ड खेला। इस टूर्नामेंट में दूसरे स्थान पर अमरीका के जॉन केटरिन हैं। भुल्लर ने 11 माह आखिरी खिताब जीता था और वह सूखे को खत्म करना चाहते हैं। भारतीय गोल्फर यदि यहां खिताब जीतते हैं तो यह उनका रेकॉर्ड 12वां एशियन टूर खिताब होगा।



### मेट्रो बाजार

## दिवाली तक बिकेंगे 45 लाख वाहन! कंपनियां दे रहीं तगड़ा डिस्काउंट

**नईदिल्ली. एजेंसी**

नवरात्र से शुरू त्योहारी सीजन में सभी प्रकार के वाहनों की जबरदस्त मांग दिख रही है। डीलरों के पास वाहनों को लेकर पूछताछ 3 गुना बढ़ गई है। ग्राहकों को आकर्षित करने और स्टॉक को खत्म करने के लिए वाहन कंपनियां भी भारी छूट दे रही हैं। वाहन डीलरों के संगठन फाडा के उपाध्यक्ष साई गिरधर ने कहा, इस त्योहारी सीजन दिवाली तक देशभर में 45 लाख गाड़ियां बिकेंगी। इनमें इलेक्ट्रिक वाहन भी शामिल हैं। यह आंकड़ा 2023 के त्योहारी सीजन में बिके कुल 37.93 लाख वाहनों की तुलना में 19 फीसदी अधिक है। पिछले त्योहारी सीजन की तुलना में इस बार रेकॉर्ड गाड़ियां बिकने की कई वजहे हैं। डीलरों के पास ग्राहकों के पसंदीदा कलर में लगभग सभी मॉडल उपलब्ध हैं। कुछ मॉडल को छोड़ दें तो वेटिंग पीरियड नहीं है। ग्राहकों को अपनी नई कार घर ले जाने के लिए इंतजार नहीं करना पड़ रहा है। इस बार गाड़ियों पर मिलने वाली छूट चरम पर है। फाइनेंसर भी कर्ज देने के लिए तैयार बैठे हैं। इसके उलट, 2023 के त्योहारी सीजन में वेटिंग



पीरियड अधिक थी। डीलरों के पास स्टॉक और ग्राहकों के पसंदीदा मॉडल भी उपलब्ध नहीं थे। होंडा कार्स इंडिया के उपाध्यक्ष कुणाल बहल ने बताया, त्योहारों में ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए होंडा सिटी, अमेज और एलेवेट जैसे चुनिंदा मॉडल पर छूट और अन्य ऑफर उपलब्ध है। इनमें नकद छूट, एक्सचेंज और कॉरपोरेट बोनस के साथ तीन साल तक निशुल्क मेटेंनेंस पैकेज शामिल है। लग्जरी कारों पर भी छूट सितंबर में बिक्री में बड़ी गिरावट के बाद स्टॉक कम करने के लिए ऑडी, बीएमडब्ल्यू व मर्सिडीज जैसे लग्जरी ब्रांड भी कई प्रकार की छूट दे रही हैं। टियागो-टिगोर कंपनी कुछ वेरिएंट पर 20,000 रुपए का एक्सचेंज बोनस दे रही।

## तैयारी: अब गिग वर्कर्स को भी मिलेगी पेंशन!

**नईदिल्ली. एजेंसी**

ठेके पर काम करने वाले अस्थायी कर्मचारियों, कैब चालक से लेकर डिलीवरी ब्वॉय तक जल्द ही पेंशन सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिलने की उम्मीद है। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि श्रम मंत्रालय जल्द ही गिग वर्कर्स के लिए एक सामाजिक सुरक्षा ढांचा लागू करेगा। इसमें राइड-हेलिंग ड्राइवर और डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्टाफ जैसे मजदूरों को हेल्थ इंश्योरेंस और पेंशन के लाभ प्रदान किए जाएंगे। यह कदम श्रम संहिताओं (लेबर कोड) के पूर्ण कार्यान्वयन से पहले उठाया गया है। लेबर कोड को अभी तक लागू नहीं किया गया है, क्योंकि कई राज्यों ने इन्हें अब तक नहीं अपनाया है।



### कमीशन घटा, काम के घंटे बढ़ गए

श्रम मंत्रालय डिजिटल प्लेटफॉर्म वर्कर्स से जुड़े संगठनों के साथ चर्चा कर रहा है। प्रतिनिधियों ने बताया ई-कॉमर्स कंपनियों के साथ काम करते हुए उनका कमीशन कम हो गया और काम के घंटे बढ़ गए हैं, लेकिन सामाजिक सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं है। ई-कॉमर्स कंपनियों की ओर से काटे जाने वाले प्रति बिल पर कुछ अतिरिक्त टैक्स या सेस लगाया जाए। इस धनराशि का इस्तेमाल ऑटो कैब चालक, डिलीवरी ब्वॉय की सेवा देने में लगे श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा पर किया जाए। मनसुख मंडाविया ने कहा, गिग वर्कर्स के हितों की रक्षा के लिए समिति का गठन किया जा चुका है। समिति की जल्द ही बैठक शुरू होगी, जो इस बिल का ड्राफ्ट तैयार करेगी।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

## 'दो पत्ती' में कृति सेनन के डबल रोल को देख उलझीं काजोल, फिल्म का नया प्रोमो जारी

नेटफ्लिक्स ने फिल्म 'दो पत्ती' का नया प्रोमो जारी किया है, जिसमें कृति सेनन और काजोल के किरदारों की झलक देखने को मिली। काजोल प्रोमो में कृति के दोहरे किरदार से भ्रमित होती दिखीं। 'दो पत्ती' बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन की बतौर निर्माता पहली फिल्म है। शशांक चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में कृति के अलावा काजोल भी हैं। लंबे इंतजार के बाद 14 अक्तूबर को फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ था और इसे काफी पसंद किया गया। फिल्म की रिलीज से पहले दर्शकों के बीच और उत्साह ब?ाने के लिए निर्माताओं ने दोनों अभिनेत्रियों का एक नया प्रोमो जारी किया है।

### सीता-गीता का चक्कर

प्रोमो शेयर करते हुए नेटफ्लिक्स ने कैप्शन में लिखा, हम सब पड़ेंगे सीता और गीता के चक्कर में, 25 अक्टूबर को 'दो पत्ती' देखें नेटफ्लिक्स पर। शहीर शेख ध्रुव सूद का किरदार निभा रहे हैं। कनिका ढिल्लों द्वारा लिखित 'दो पत्ती' काजोल द्वारा कृति और शहीर की प्रेम कहानी से जुड़े अपराध की जांच करने पर आधारित है। कहानी की एक बहन प्यार से घिरी एक सामान्य जिंदगी जीना चाहती है, जबकि दूसरी उसके सपनों और आकांक्षाओं को नष्ट करना चाहती है।



### कृति ने लिखा खास भावुक नोट

इससे पहले ट्रेलर साझा करते हुए कृति ने एक भावुक नोट लिखा था, क्योंकि यह फिल्म निर्माता के तौर पर उनकी पहली फिल्म है। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, निर्माता के तौर पर मेरी पहली फिल्म, डबल रोल वाली मेरी पहली फिल्म, मेरी सबसे चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं में से एक.. यह तितली का कथा बहुत खास है, ट्विस्ट, टर्न, प्रतिद्वंद्विता, प्यार, चोट और एक महत्वपूर्ण विषय जिसके लिए पूरी टीम दृढ़ता से महसूस करती है। आप सभी द्वारा फिल्म देखने का इंतजार नहीं कर सकती। दो पत्ती का प्रीमियर 25 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर होने वाला है।

## रिलेशनशिप पर आदित्य, करीना से बोले- *यह सीक्रेट ही रहने दें...*

हाल ही में करीना कपूर ने आदित्य रॉय कपूर से उनके रिलेशनशिप स्टेटस के बारे में सवाल किया। इस पर आदित्य ने कहा कि इसे सीक्रेट ही नहीं दें। एक्टर ने आगे यह भी बताया कि उन्होंने कई लोगों को डेट किया है, जिसके साथ वे 3-5 साल रिश्ते में रहे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अनन्या पांडे को भी आदित्य डेट कर चुके हैं। कुछ समय पहले खबर आई थी कि दोनों का ब्रेकअप हो गया। वहीं, आदित्य ने श्रद्धा कपूर के साथ फिल्म आशिकी 2 में काम किया था। इसके बाद से ही दोनों की डेटिंग की खबरें सामने आई थीं। एक शो के दौरान करीना कपूर ने कहा कि लोग जानना चाहते हैं कि क्या आदित्य सिंगल या किसी के रिश्ते में हैं? इस पर आदित्य ने कहा- मेरा स्टेटस? क्या चिल होना स्टेटस है? मैं चिलर हूं। इस पर करीना ने चुटकी लेते हुए कहा कि वह छुपा रुस्तम हैं। तो एक्टर ने हंसते हुए कहा- अच्छा है, रिलेशनशिप स्टेटस को सीक्रेट ही रहने दीजिए। करीना ने आदित्य से पूछा कि क्या उन्हें कमिटमेंट फोबिया हैं? जवाब में आदित्य ने कहा कि उनके कई रिश्ते रहे हैं। उन्होंने आगे कहा- मैं यह नहीं कर सकता कि मुझे कमिटमेंट से डर नहीं लगता है। जब मैं छोटा था और 20 साल की उम्र तक मेरे कई लंबे रिश्ते रहे।



### एक्टर की मन की बात...



## अनिल को माधुरी के साथ अच्छी लगी सलमान की ऑनस्क्रीन जोड़ी

सलमान खान अपनी फिल्मों और निजी जिंदगी के कारण चर्चा में रहते हैं। सलमान ने बॉलीवुड की लगभग सभी अदाकाराओं के साथ फिल्मों में काम किया है। उनकी फिल्मों में ऑनस्क्रीन बेस्ट जोड़ी को लेकर चर्चा होती रहती है। ऐसे में अनिल कपूर ने सलमान की ऑनस्क्रीन जोड़ी को लेकर बात की। अनिल ने बिग बॉस-13 के दौरान बताया कि उन्हें सलमान के साथ माधुरी दीक्षित को ऑनस्क्रीन जोड़ी बहुत पसंद है। उर्वशी रौतेला ने बिग बॉस एक एपिसोड में अनिल कपूर से पूछा कि आपको सलमान खान की किस अभिनेत्री के साथ ऑनस्क्रीन जोड़ी अच्छी लगती है। इस पर अनिल ने कहा कि जब उन्होंने 'हम आपके हैं कौन' फिल्म देखी थी तो उनको माधुरी दीक्षित के साथ सलमान की जोड़ी बहुत अच्छी लगी थी। दोनों ने साथ में बहुत अच्छा काम किया था। अनिल कपूर और माधुरी दीक्षित ने हिंदी सिनेमा में एक साथ कई फिल्मों में काम किया है। इसमें 'तेजाब', 'राम लखन', 'पुकार', 'बेटा' जैसी सुपरहिट फिल्में शामिल हैं। 90 के दशक में सुपरहिट फिल्में देने के 18 साल बाद साल 2019 में बड़े पर्दे पर नजर आई थी। दोनों को फिल्म 'डबल धमाल' में साथ में देखा गया था। सलमान खान और अनिल कपूर ने साथ में भी कई फिल्में की हैं। अनिल कपूर के साथ सलमान की खास फिल्मों में नो एंट्री, युवराज और बीवी नंबर वन जैसी कई फिल्में शामिल हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो सलमान खान इन दिनों बिग बॉस सीजन 18 को होस्ट कर रहे हैं। वहीं, अपनी सलमान अपनी आगामी फिल्म सिकंदर में नजर आने वाले हैं। अनिल कपूर अपनी फिल्म फाइटर में नजर आए थे।





### निशातपुरा स्टेशन के पास ट्रेन के धीमे होते ही लूटपाट की वारदात

# ट्रेन के गेट पर बैठे यात्री का मोबाइल झपटा, वेटिंग हॉल से भी मोबाइल चोरी

चलती ट्रेन और रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के साथ लूट व चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। शनिवार को भी करीब आधा दर्जन प्रकरण जीआरपी थाना भोपाल में दर्ज किए गए। कामाख्या एक्सप्रेस की जनरल बोगी के गेट पर बैठे यात्री का मोबाइल नीचे खडे बदमाश ने झपट्टा मारकर छीन लिया। प्लेटफार्म क्रमांक-एक के मुसाफिर खाने से भी यात्री का मोबाइल चोरी हो गया।

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पुलिस के मुताबिक पूरनपुरा जिला विदिशा निवासी भूपेन्द्र गुर्जर (24) विगत 17 अक्टूबर को कामाख्या एक्सप्रेस के जनरल कोच में उज्जैन से विदिशा की यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान निशातपुरा रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन धीमी गति से चलने लगी। उस समय भूपेन्द्र गुर्जर गेट पर बैठकर मोबाइल से किसी से बात कर रहा था। उसी दौरान पटरी के पास नीचे खडे बदमाश ने झपट्टा मारकर उसका मोबाइल छीन लिया और भाग निकला। तब तक ट्रेन की गति तेज हो जाने की वजह से फरियादी नीचे नहीं उतर सका। मोबाइल की कीमत 20 हजार रुपए बताई गई है। मोबाइल का बिल और आधार कार्ड नहीं होने के कारण फरियादी ने जीआरपी थाना विदिशा में जीरो पर कायमी कराई थी। वहां से डायरी जीआरपी थाना भोपाल भेजी गई है।




**वेटिंग हॉल से मोबाइल चोरी**

जीआरपी भोपाल के मुताबिक नीमच निवासी अजय चौधरी विगत 19 अक्टूबर को छतरपुर जाने के लिए रेलवे स्टेशन भोपाल आए थे। ट्रेन का समय सुबह होने के कारण प्लेटफार्म क्रमांक एक स्थित मुसाफिर खाना नई बिल्डिंग में सो गए। थोड़ी देर बाद नींद खुली तो देखा कि बैग में रखा मोबाइल गायब था। आसपास तलाश करने पर भी मोबाइल नहीं मिला। कोई अज्ञात बदमाश नींद का फायदा उठाकर मोबाइल चुरा ले गया।

**मां-बेटी का बैग ले उडे चोर**

जीआरपी के मुताबिक दिल्ली निवासी गौरी के विजया 18 अक्टूबर को तमिलनाडु एक्सप्रेस के कोच बी में नई दिल्ली से भोपाल की यात्रा अपनी मां गीतिका के साथ कर रही थीं। यात्रा के दौरान रात करीब साढे 12 बजे वह अपनी सीट पर सो गई थीं। उन्होंने अपना लैपटॉप बैग अपनी मां की सीट पर रख दिया था। भोपाल स्टेशन आने से करीब 15 मिनट पहले नींद खुली तो देखा कि मां की सीट पर रखा लैपटॉप बैग गायब है। बैग में एक लैपटॉप, नगदी 15 सौ व दस्तावेज समेत अन्य सामान रखा था। अज्ञात बदमाश ने नींद का फायदा उठाकर बैग चोरी कर लिया। थाना जीआरपी भोपाल ने चोरी का प्रकरण दर्ज किया है।

### अज्ञात बदमाश ने किया फायर

# कार का कांच तोड़कर सीट पर गिरी गोली

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित ओल्ड सुभाष नगर में अज्ञात बदमाश ने फायर कर दिया। फायर होने के बाद गोली एसबीआई के रिटायर्ड जीएम के बंगले के बाहर खड़ी कार में लगी। गोली कार के फ्रंट कांच में छेद करते हुए कार की सीट पर जा गिरी। पुलिस ने उक्त मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ फायर करने का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

पुलिस का अनुमान है कि गोली किसी के द्वारा हर्ष फायर व हवाई फायर करने के बाद कार तक पहुंची है। गनीमत रही उस समय कार में कोई नहीं था। पुलिस के अनुसार 81 साल के प्रदीप अवस्थी ओल्ड सुभाष नगर में सीनियर एमआईजी में रहते हैं। वे स्टैट बैंक में जनरल मैनेजर थे। रिटायर्डमेंट के बाद वह अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ ओल्ड सुभाष नगर में रह रहे हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि रविवार रात वह परिवार के साथ घर पर थे। इस दौरान उन्हें तेज आवाज आई और वह बाहर निकले। आसपास देखने पर कुछ नजर नहीं आया। रात करीब पौने नौ बजे वे परिवार के साथ मंदिर जाने के लिए कार के पास पहुंचे तो कार का अगला कांच सेंटर में टूट नजर आया। जबकि कार खड़ी करने वाला शेड में लगी प्लास्टिक की सीट में भी छेद नजर आया। उन्होंने कार में देखा तो सीट पर गोली पड़ी थी।

## गुराड़ी घाट पर महिला की मौत, नहीं हो सकी शिनाख्त

**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित गुराड़ी घाट पर शनिवार सुबह बरामद की गई महिला की लाश की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने रविवार को उसका पीएम करा दिया। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट पुलिस को मिल गई है। महिला की मौत किसी बड़े वाहन से टकराने के बाद सिर में सामने की तरफ आई गंभीर चोट बताई जा रही है। पुलिस महिला की शिनाख्त के लिए कोलार स्थित सनखेड़ी पहुंची थी, वहां महिला का हुलिया दिखाया, लेकिन किसी ने उसे नहीं पहचाना।

# सुभाष नगर के रेलवे ट्रैक पर मिली महिला की लाश



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित सुभाष नगर अंडर ब्रिज के ऊपर रेलवे ट्रैक से रविवार शाम एक महिला की लाश बरामद की गई है। महिला की उम्र करीब पचास साल के आसपास होने का अनुमान है। ट्रेन की चपेट में आने से महिला के सिर में माथे पर गहरी चोट हैं, जबकि बांया हाथ भुंजा के पास से कटकर अलग हो गया। महिला की शिनाख्त के लिए पुलिस ने आसपास के इलाके में लोगों से पूछताछ की, लेकिन किसी ने भी महिला की पहचान नहीं की। पुलिस ने महिला का हुलिया कंट्रोल के माध्यम से आसपास के सभी थानों में भेज दिया है। एएसआई काशीराम खरारे ने बताया कि रविवार शाम करीब चार बजे के आसपास महिला की लाश सुभाष नगर अंडर ब्रिज के ऊपर से बरामद की थी। महिला पीले रंग की साड़ी पहने हुए है और मध्यम वर्ग की लग रही है।

## कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मामला दर्ज

**भोपाल।** रातीबड इलाके में एक तेज रफ्तार कार चालक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार जितेंद्र मारण गोरा गांव रातीबड़ में रहता है और साई स्टेडियम में खाना बनाने का काम करता है। गत दिवस वह स्टेडियम से सूरज नगर जा रहा था। खेड़ापति मंदिर के पास तिराहे पर अचानक बांई तरफ से आई एक तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही जितेंद्र बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गया। उसके हाथ-पैर और शरीर में गंभीर चोट आई थी। आसपास के लोगों ने उसे इलाज के लिए माता मंदिर स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया। इलाज कराने के बाद जितेंद्र ने थाने जाकर टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज करवाया। पुलिस आरोपी कार चालक की तलाश कर रही है।

# सार्वजनिक स्थान पर नशा करने वालों पर कसा शिकंजा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सार्वजनिक स्थानों पर नशा करने वालों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसके अलावा शराब की अवैध तस्करी करने वालों पर भी पुलिस ने कमर कस ली है। गत चौबीस घंटे के भीतर सार्वजनिक स्थान पर शराब और गांजा पीने वाले करीब डेढ दर्जन लोगों पर कार्रवाई की है, सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी और एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया।

जानकारी के अनुसार शनिवार देर शाम रातीबड पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम कलखेड़ा रातीबड के पास दो युवक गांजा पी रहे हैं। इलाके में भ्रमण कर रही पुलिस टीम गवाहों को लेकर मौके पर पहुंची। पुलिस को देख कर दोनों युवकों ने भागने का प्रयास किया, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम दुर्गेश पांडेय और संदीप कौल बताए। पुलिस ने उनके पास से गांजा पीने वाली चिलम और लाइटर समेत अन्य सामान जब्त किया। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया।



**अवैध शराब के साथ तीन आरोपी पकड़ाए**

इधर, सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने के मामले में बागसेवनिया में तीन, शाहजहांनाबाद में दो, हनुमानगंज और गौतम नगर एक-एक, मंगलवारा में दो और निशातपुरा में तीन लोगों को पकड़ा गया। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।इधर मिसरोद पुलिस ने ग्यारह मील ब्रिज के पास आकाश मीना और अजय मीना से 5500 रुपए की अवैध शराब जब्त की है। आरोपी कार में अवैध शराब रखकर ले जा रहे थे। इसी प्रकार गुनगा थाना पुलिस ने खेड़ी पुलिया के पास देवेंद्र अग्रवाल से डेढ हजार रुपए की अवैध शराब जब्त की।

## ट्रेन की चपेट में आए युवक की मौत

**भोपाल।** ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित बरखेड़ी फाटक पर ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त करने के बाद पुलिस ने परिजन को घटना की जानकारी दे दी गई है। पुलिस के अनुसार रविवार तड़के करीब 3 बजे सूचना मिली कि बरखेड़ी फाटक के पास रेलवे पटरी पर एक युवक की लाश पड़ी है। पुलिस मौके पर पहुंची और शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया। मृतक के पास मोबाइल और बैग मिला था, जिससे उसकी पहचान सुरेश बालेपुरे (39) के रूप में हुई। सुरेश मूलत बैतूल के मुलताई का रहने वाला था और अशोका गार्डन में किराए से रहता था। वह होशंगाबाद रोड स्थित एक मॉल में इलेक्ट्रीशियन का काम करता था। अनुमान है कि ट्रेन से उतरते अथवा पटरी पार करते समय वह हादसे का शिकार हुआ होगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ई-रिक्शे से गिरकर डेढ़ साल के मासूम की मौत, चालक पर केस दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित लांबाखेड़ा में दो अक्टूबर बुधवार रात ई रिक्शे से गिरकर डेढ साल के मासूम की मौत के मामले में पुलिस ने ई रिक्शा चालक पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा मर्ग जांच में यह बात सामने आई कि ई रिक्शा चालक की लापरवाही से रिक्शे में अपनी मां की गोद में बैठा मासूम नीचे गिर गया था। चलते ई रिक्शे से सिर के बल गिरने के कारण उसकी मौत हो गई थी।

ई रिक्शा चालक अपने रिक्शे को तेजी और लापरवाही से चला रहा था और हादसा हो गया।पुलिस के अनुसार अनुसार मूलतः रीवा निवासी हरिकेश अहिरवार यहां नवीबाग में रहते हैं और प्रायवेट काम करते हैं। दो अक्टूबर बुधवार रात वह पत्नी और डेढ़ साल के बच्चे विदित अहिरवार



के साथ रिश्तेदारी में जा रहे थे। रात करीब साढे दस बजे के आसपास ई रिक्शा लांबाखेड़ा में पहुंचा। विदित मां की गोद में था। अचानक सड़क पर ब्रेकर अथवा गड्ढे के पास ई रिक्शा बहक गया और मां की गोद में बैठा विदित फिसलकर सड़क पर जा गिरा। उसके सिर में गंभीर चोट आई थी। परिजन उसे इलाज के लिए पास के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## कार की टक्कर से स्कूटर सवार युवक घायल

**भोपाल।** टीटी नगर इलाके में कार की टक्कर से स्कूटर सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार राहुल दिवाकर (34) माता मंदिर टीटी नगर में रहते हैं और एमपी नगर स्थित एक फायनेंस कंपनी में काम करते हैं। रात करीब दस बजे वह अपनी स्कूटर से माता मंदिर से लिंक रोड नंबर दो होकर अपने घर जा रहे थे। हर्षवर्धन नगर स्थित शिव मंदिर के पास पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी स्कूटर को टक्कर मार दी, जिससे राहुल स्कूटर समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गए। उन्हें हाथ-पैर और शरीर में गंभीर चोट आई। दोस्तों ने इलाज के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया था। उसके बाद उन्होंने थाने जाकर एक्सीडेंट की रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस टक्कर मारने वाले कार चालक की तलाश कर रही है।

# जुए की फड़ पर पुलिस का छापा



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बिलखिरिया पुलिस ने एक जुए की फड़ पर छापा मारकर जुआरियों से 17 हजार चार सौ रुपये और ताश पत्ते जब्त किए हैं। कई अन्य स्थानों से भी जुआरी पकड़े गए हैं। पुलिस के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली कि लक्ष्मीपति कालेज के पास बिलखिरिया में कुछ लोग ताश पत्तों पर जुआ खेल रहे हैं. सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घेराबंदी कर जुआ खेल रहे सलीम, रफीक, हरीसिंह, अनिल विश्वकर्मा, अमित, बाबूलाल, रोबिन, इकबाल, शानू, मंगल रजक और रवि साहू को दबोच लिया. आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इसी प्रकार ईंटखेड़ी पुलिस ने परेवाखेड़ा स्थित एक प्लाट पर जुआ खेल रहे ताहिर, इकबाल, शाहरुख और जुनैद से 1160 रुपए और गोविंदपुरा पुलिस ने जनता क्वार्टर के जुआ खेल रहे नीरज और शिवा से 370 रुपए और ताश पत्ते जब्त किए हैं।

**मेट्रो एंकर**

### कीडे के काटने के बाद मुंह से आवाज निकलना बंद हो गई थी

# सोते समय जहरीले कीड़े ने काटा, अस्पताल में मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

रातीबड इलाके के गांव बीलखोह में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात परिवार के साथ सो रहे इलेक्ट्रिशियन को किसी जहरीले कीडे ने काट लिया। कीडे के काटने के बाद उनके मुंह से आवाज निकलना बंद हो गई। घबराई पत्नी ने पडोस में रहने वाले देवर को बुलाया। इस दौरान इलेक्ट्रिशियन ने कागज में लिखकर बताया कि उसके मुंह से आवाज नहीं निकल रही है और उसे पैर के अंगूठे के पास किसी कीडे ने काट लिया है। कागज पर लिखे शब्द पढकर परिजन उसे नजदीक स्थित अस्पताल ले गए, वहां से हजेला अस्पताल ले जाने की सलाह मिली।

हजेला में इलाज के दौरान रविवार तडके उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार अशोक कुमार पिता घीसीलाल (40) गांव बीलखेड़ा, रातीबड में रहते थे और पेशे से इलेक्ट्रिशियन थे। उनके परिवार में पत्नी के अलावा तीन बच्चियां है। शनिवार रात अशोक पत्नी और बच्चियों के साथ खाना खाकर सो रहे थे। शनिवार- रविवार की दरमियानी रात करीब डेढ बजे उन्हें किसी जहरीले कीडे ने काट लिया। उन्होंने पत्नी को नींद से जगाया, लेकिन उनके मुंह से आवाज नहीं निकल रही थी। पत्नी पडोस में रहने वाले देवर को बुलाकर लाई। देवर ने अशोक से बातचीत करने का प्रयास किया, लेकिन मुंह से आवाज नहीं निकली। देवर ने अशोक को पैन कागज लाकर दिया तो उसने कागज में लिखा कि मुझे किसी जहरीले कीडे ने काट लिया है और मुंह से आवाज नहीं निकल रही है। मुझे चक्कर आ रहे हैं।



**अंगूठे के पास अंगूली में काटा**

परिजन ने बताया कि उन्होंने कमरे में और आसपास देखा था, लेकिन सांप या कोई कीडा नजर नहीं आया। डॉक्टर ने चेक किया तो पता चला पैर के अंगूठे के पास वाली अंगूली में किसी कीडे ने काटा है। पुलिस का कहना है कि पीएम के बाद बिसरा परीक्षण के लिए भेजा है और एफएसएल से जांच जाएंगी, ताकि पता चल सके कि अशोक की मौत किस जहरीले कीडे की काटने से हुई है।

**निजी अस्पताल में नहीं हुआ इलाज**

परिजन ने बताया कि जहरीले कीडे के काटने की बात कागज में पढते ही वह रातीबड के निजी अस्पताल गए। वहां डॉक्टर ने बताया कि इस तरह के इलाज के लिए उनके पास व्यवस्था नहीं है। अब परिजन अशोक को लेकर हजेला पहुंचे, वहां डॉक्टर ने उसे भर्ती करने के बाद इलाज शुरू कर दिया। सुबह करीब चार बजे इलाज के दौरान अशोक की मौत हो गई।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022